CMYK

हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

आपका देश आपकी बात...

RNI No- UPHIN/2008/28258

वर्ष: 14, अंक: 72 पृष्ठ :8

www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, शनिवार 31 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50



## संक्षिप्त समाचार

### चंदौली में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से दो लोगों की मौत

**चंदौली/ मुगलसराय।** उत्तर प्रदेश में चंदौली में ऑक्सीजन सिलेंडर आपूर्ति के दौरान शुक्रवार को एक निजी अस्पताल के बाहर सिलेंडर फटने से दो लोगों की मौत हो गई। सिलेंडर फटने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के रवि नगर स्थित दयाल अस्पताल के बाहर ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से दो लोगों के चिथड़े उड़ गए। सिलेंडर फटने से उसके चपेट में आए दोनों लोगों के कई मीटर दूर तक शरीर के अंग बिखर गए। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच गए हैं।

पुलिस ने बताया कि थाना मुगल सराय के अंतर्गत एक ऑक्सीजन प्लांट है, जो अस्पतालों में ऑक्सीजन सिलेंडर आपूर्ति करता है। आज सुबह एक निजी अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर को उतरा जा रहा था, तभी सिलेंडर फट गया। हादसा किस कारण से हुआ है, इसकी जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम को मौके पर बुला लिया गया है। मरने वाले लोग ऑक्सीजन सिलेंडर आपूर्ति करने वाले कंपनी के कर्मचारी हैं। सभी जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या हैंडिंग और ओवर प्रेशर के कारण सिलेंडर फटने की आशंका जतायी गयी है।

### सुल्तानपुर का चौतरफा विकास लक्ष्य : मेनका गांधी

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका संजय गांधी ने आज कहा कि सुल्तानपुर जनपद का चौतरफा विकास करना हमारा लक्ष्य है। सुल्तानपुर जिले के विकास भवन सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वयन एवं निगरानी समिति की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए श्रीमती गांधी ने काम से संतुष्ट न होने पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं जल निगम के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। आवास विकास परिसर में एक वर्ष पूर्व गृहमंत्री की सभा के दौरान हटाए गई विद्युत केबिल को तत्काल लगाने के निर्देश दिए। सांसद ने बिजली विभाग के मीटर रीडर द्वारा पैसे लेकर नकली बिल देने का मामला उठाया। उन्होनें कहा कि अब गलत बिल देने पर मीटर रीडर को जेल जाना पड़ेगा।

### केरल में पीएफआई के खिलाफ एनआईए की बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** केरल में पॉपुलर फंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए की टीम ने गुरुवार को गैरकानूनी और हिंसक गतिविधियों से जुड़े मामले में एक वकील को गिरफ्तार किया है। वह वकील पीएफआई का सदस्य है। एजेंसी ने बताया कि राज्य के 12 ज़िलों में 56 स्थानों पर छापेमारी की गई थी, जिसमें एर्नाकुलम जिले के एडावनक्कड़ निवासी मोहम्मद मुबारक की गिरफ्तारी हुई। अब तक इस मामले में चौदह लोग पकड़े जा चुके हैं। बता दें कि पीएफआई पर लगे प्रतिबंध के बाद से ही एनआईए की नजरें इसको लेकर चौकन्नी हैं। अधिकारी ने बताया कि मुबारक पीएफआई सदस्य होने के साथ मार्शल आर्ट व हिट स्क्वाड ट्रेनर भी है। वह केरल उच्च न्यायालय में वकील के रूप में प्रैक्टिस करता है। तलाशी के दौरान उसके घर से बैडमिंटन रैकेट बैग में छुपाकर रखी गई कुल्हाड़ी, तलवार सहित कई हथियार बरामद किए गए।

# मोदी की माँ का निधन, शोक संवेदनाओं का तांता

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माँ हीरा बा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

**शोक संवेदना**

» मां ही है जो व्यक्ति के जीवन को संस्कारों से सुपोषित करती है

» मां ही है जो व्यक्ति के जीवन को संस्कारों से सुपोषित करती है

» दुख की घड़ी में प्रधानमंत्री जी और परिजनों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं



एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों एवं संगठनों के बड़ी संख्या में नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माँ हीरा बा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुर्मू ने अपने शेक संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीरा बा का सौ वर्षों का संघर्षपूर्ण जीवन भारतीय आदर्शों का प्रतीक है। मोदी ने 'मातृ देवो भवः' की भावना और हीरा बा के मूल्यों को अपने? जीवन में ढाला। मैं पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं। परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं।

धनखड़ ने एक बयान में कहा कि वह सरलता की प्रतिमूर्ति और माँ की ममता का प्रतीक थी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री की मां हीरा बा के निधन से गहरे दुख में हूं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें और अपने चरणों में स्थान दें। ओम शांति ओम। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार सुबह ट्विटर पर मां को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, शानदार शताब्दी का ईश्वर चरणों में विराम... मां में मैंने हमेशा उस त्रिमूर्ति की अनुभूति की है, जिसमें एक तपस्वी की यात्रा, निष्काम कर्मयोगी का प्रतीक और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध जीवन समाहित रहा है। उन्होंने लिखा, मैं जब उनसे 100वें जन्मदिन पर मिला तो उन्होंने एक बात कही थी, जो हमेशा याद रहती काम करो बुद्धि से और जीवन जियो शुद्धि से।

शाह ने एक शोक संदेश में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूज्य माता जी हीरा बा के स्वर्गवास की सूचना अत्यंत दुखद है। माँ एक व्यक्ति के जीवन की पहली मित्र और गुरु होती है जिसे खोने का दुख निःसंदेह संसार का सबसे बड़ा दुख है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माताश्री, हीरा बा के निधन से मुझे गहरी वेदना हुई है। एक माँ का निधन किसी भी व्यक्ति के जीवन में ऐसी शून्यता लाता है, जिसकी भरपाई असंभव है। दुख की इस घड़ी में प्रधानमंत्री जी और उनके पूरे परिवार के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूँ। शांति। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रधानमंत्री की मां हीरा बा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की माताजी आदरणीय हीरा बा मोदी के निधन पर शोक व्यक्त करता हूं। मां ही है जो व्यक्ति के जीवन को संस्कारों से सुपोषित करती है। हीरा बा का सात्विक जीवन हम सब के लिए प्रेरणा है। दुख की घड़ी में प्रधानमंत्री जी और परिजनों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं। केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की नेता स्मृति ईरानी ने मोदी की माँ के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें और प्रधानमंत्री और उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति दें। ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और प्रधानमंत्री और उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति दें। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने मोदी की मां हीरा बा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने ट्वीट संदेश में कहा कि एक प्यारी माँ जिसने देश को बेशकीमती हीरा दिया। एक शानदार सदी जीने के बाद उन्हें प्रभु के श्रीचरणों में स्थान मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीरा बा मोदी के निधन पर मेरी गहरी संवेदना। उसकी आत्मा को शांति मिले। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा कि मां हीरा बा मोदी ने देश को सच्चा सपूत दिया , उनके जाने से पूरा देश दुखी है ..प्रभु उन्हें अपने चरणों में स्थान दें, पुण्य आत्मा को नमन।

पूर्व उप-राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने मोदी मां के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी प्यारी मां श्रीमती हीरा बा मोदी के निधन पर मेरी गहरी संवेदना। ईश्वर की रचना में मां और उसके बच्चे का संबंध सब से अमूल्य और अद्भुत निधि है। दिवंगत आत्मा को सद्गति प्राप्त हो। ओम शांति।

शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल ने प्रधानमंत्री की माता श्रीमती हीरा बा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि मां का जाना एक अपूरणीय क्षति होती है मेरा मन और मेरी दुआएं दुख की इस घड़ी में मोदी जी और उनके परिवार के साथ है। पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मोदी जी की माताजी के निधन के समाचार से मैं बहुत उदास हूं। मैं भगवान शिव से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शाश्वत शांति प्राप्त हो। माननीय प्रधानमंत्री और श्रीमती हीरा बा मोदी की संतानों को मेरी सहानुभूति और सांत्वना। उल्लेखनीय है कि श्रीमती हीरा बा का शुक्रवार तड़के गुजरात में अहमदाबाद के यू एन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर में निधन हो गया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर योगी हुए भावुक, बोले, एक पुत्र के लिए मां पूरी दुनिया होती है


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा के निधन पर शोक जताते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया। सीएम योगी ने ट्वीट कर लिखा है कि एक पुत्र के लिए माँ पूरी दुनिया होती है। माँ का निधन पुत्र के लिए असहनीय और अपूरणीय क्षति होती है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूज्य माता जी का निधन अत्यंत दु:खद है। प्रभु श्री राम दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। ओम: शांति! आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा का शुक्रवार तड़के निधन हो गया था। उन्हें यू एन मेहता हृदय रोग संस्थान में 2 दिन पूर्व भर्ती कराया गया था। हीरा बा ने आज तड़के ब्रह्म मुहूर्त में करीब साढ़े तीन बजे अंतिम श्वास ली। उन्होंने हाल ही में अपनी सौंवी वर्षगांठ मनायी थी। प्रधानमंत्री मोदी कल भी अहमदाबाद में मां को देखने गए थे। सूत्रों के मुताबिक उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूज्य माता श्रीमती हीराबेन का निधन अत्यंत दु:खद है। प्रभु श्रीराम जी से प्रार्थना करता हूँ कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें, शोक की इस घड़ी में मा. प्रधानमंत्री जी, परिजनों, शुभचिंतकों व समर्थकों को संबल प्रदान करें।

# पड़ोसियों से अच्छे संबंधों की जरूरत: राजनाथ सिंह

## राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर कतई नहीं किया जाएगा

**सुरक्षा**

» पड़ोसी देशों से अच्छे संबंध बनाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता



एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के पड़ोसी देशों से मित्रतापूर्ण संबंध हैं और वह मित्रतापूर्ण संबंध बनाए भी रखना चाहता है। लेकिन ऐसा राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर कतई नहीं किया जाएगा। सिवगिरी मठ के 90वें वार्षिक तीर्थ पर शुक्रवार को रक्षा मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के वक्तव्य को याद करते हुए कहा कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं। इसलिए हमें हमारे पड़ोसियों से अच्छे और मित्रवत संबंधों की जरूरत है। लेकिन पड़ोसी देशों से अच्छे संबंध बनाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता है।

रक्षा मंत्री ने गिनाई देश की उपलब्धियां

रक्षा मंत्री ने केरल के समाज सुधारक नारायण गुरु की शिक्षाओं जैसे-उद्योग से समृद्धि को भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत नीति का आधार बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि इसी का नतीजा है कि विश्व हमारी अर्थव्यवस्था को विश्व की पांच सर्वोच्च अर्थव्यवस्थाओं में शुमार कर रहा है। साथ ही हमारी सेनाएं भी शूरवीरता के लिए मान्य हैं। वह प्रधानमंत्री मोदी के दिशा-निर्देश में सशस्त्र बलों की मदद से भारत के शरीर यानी देश की सीमाओं की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं। इसी तरह मठ के संत देश की आत्मा की रक्षा करने पर काम कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि वह उनके कार्य की सराहना करते हैं। हम एक देश की तरह तभी जीवंत रह सकते हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस साल सालाना तीर्थाटन में भी बड़ी सफलता मिलेगी। इससे पहले उन्होंने अपने भाषण में कहा कि यह गलत धारणा है कि भारतीय परंपराओं और आदर्शों में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का भाव फ्रेंच रेव्यूल्यूशन के बाद आया। हमारी भारतीय संस्कृति में समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और विश्व शांति की भावना प्राचीन काल से है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में इस सबका उल्लेख है।

# केजरीवाल सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल : सिसोदिया



**व्यवस्था**

» राहमारे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर केजरीवाल सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे न केवल पढाई में बल्कि उसके साथ-साथ हर क्षेत्र में अव्वल हैं।

सिसोदिया ने यहाँ शुक्रवार को शकरपुर और पश्चिम विनोद नगर स्थित राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालयों में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुए। इस मौके बच्चों को संबोधित करते हुए सिसोदिया ने कहा कि हमारे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर आज केजरीवाल सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे न केवल पढाई में बल्कि उसके साथ-साथ हर क्षेत्र में अव्वल खड़े है। अपनी इसी प्रतिभा के दम पर ये बच्चे देश को नंबर.1 बनायेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार में आने के बाद शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना केजरीवाल सरकार की पहली प्राथमिकता थी और इस दिशा में काम करते हुए अपने स्कूलों को शानदार और विश्वस्तरीय बनाया। शिक्षकों ने भी कड़ी मेहनत कर बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन दी। इन सब की बदौलत बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला और और इस सब के दम पर जो स्कूल सात साल पहले टेंट वाला स्कूल के नाम से जाने जाते थे वो आज टैलेंट वाला स्कूल बन चुका है।

# ओबीसी आरक्षण को लेकर मायावती ने की बड़ी बैठक

**बैठक**

» आ कांग्रेस और भाजपा को बताया आरक्षण विरोधी

» बैठक से पहले पीएम मोदी की मां के निधन पर शोक व्यक्त की



संवाददाता


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के पदाधिकारियों के साथ बड़ी बैठक की। इस दौरान उन्होंने बैठक से पहले पीएम मोदी की मां के निधन पर शोक व्यक्त की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन भी रखा। मायावती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी माता जी श्रीमती हीराबेन मोदी का निधन होने की खबर अति दुखद है। उनके पूरी परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कुदरत उन्हें एवं उनके सभी चाहने वालों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। प्रदेश स्तरीय और जिघ्ला अध्यक्षों के साथ एक दिवसीय सम्मेलन के दौरान भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने हाला ही निकाय चुनाव को लेकर आए फैसले पर योगी सरकार पर जमकर कोसा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी की यूपी निकाय चुनाव टालने की कोशिश में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ओबीसी मुद्दे के बजाय दूरसे तरफ लोगों को ध्यान केन्द्रित करा रहा रही है। मायावती ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है।

सरकारी वादे और घोषणाएं जनता को चुभ रही है। जीएसटी के नाम पर व्यापारी वर्ग को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस दोनों ही आरक्षण की विरोधी है। आरक्षण के मामले में सपा की नीयत भी ठीक नहीं है। मायावती ने केन्द्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी शासित कर्नाटक और महाराष्ट्र में सीमा विवाद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जब सरकार आंतरिक सीमा विवाद का समाधान नहीं करा पा रही।

# सरकारी कर्मचारियों को बघेल सरकार का तोहफा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है। एनपीएस खाते में जमा राज्य सरकार और कर्मचारियों के अंशदान को वापस करने से केंद्र सरकार के इंकार के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने बीच का रास्ता निकाला है। सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने अप्रैल 2022 से पहले नियुक्त शासकीय सेवकों को एनपीएस में बने रहने अथवा पुरानी पेंशन योजना का विकल्प रखा है। वहीं, अप्रैल 2022 एवं उसके पश्चात नियुक्त होने वाले शासकीय सेवक अनिवार्यतः पुरानी पेंशन योजना के सदस्य होंगे। पुरानी पेंशन योजना को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार ने मंत्री परिषद की बैठक में बड़ा निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत शासकीय सेवकों को 1 नवंबर 2004 के स्थान पर 1 अप्रैल 2022 से ही छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि का सदस्य बनाया जाएगा।

# खांसी की दूषित दवा की आरोपी मैरियन बायोटेक का संयंत्र बंद




एजेंसी

**नई दिल्ली।** उज़्बेकिस्तान में खांसी की दूषित दवा की आपूर्ति करने की आरोपी कंपनी मैरियन बायोटेक का उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित संयंत्र बंद कर दिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यहां एक ट्वीट में बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ)की टीम के निरीक्षण के बाद कल रात मैरियन बायोटेक के संयंत्र में उत्पादन संबंधी गतिविधियां बंद कर दी गयी। मामले की जांच चल रही है। इससे पहले मांडविया ने कहा था कि सीडीएससीओ 27 दिसंबर से मामले को लेकर उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रीय दवा नियामक के नियमित संपर्क में है । उत्तर प्रदेश औषधि नियंत्रक और सीडीएससीओ की टीम ने विनिर्माता मैरियन बायोटेक के नोएडा संयंत्र का संयुक्त निरीक्षण किया। मंत्रालय ने कहा था कि निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विदाई परेड की समीक्षा करेंगे और बीएसएफ के कुछ कर्मियों को सेवा पदक प्रदान करेंगे

# सीआरपीएफ प्रमुख सुजॉय लाल थाउसेन को मिला बीएसएफ का अतिरिक्त प्रभार

**बयान**

» पंकज सिंह 31 दिसंबर को हो रहे रिटायर

» पिता और बेटे के नाम बीएसएफ महानिदेशक बनने का रिकॉर्ड




एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक (डीजी) सुजॉय लाल थाउसेन को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शुक्रवार को एक सरकारी बयान में कहा गया कि बीएसएफ महानिदेशक पंकज कुमार सिंह 31 दिसंबर को रिटायर हो रहे हैं। इसके बाद सुजॉय लाल थाउसेन बीएसएफ महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। राजस्थान कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी सिंह ने पिछले साल 31 अगस्त को बीएसएफ प्रमुख का कार्यभार संभाला था। सीआरपीएफ प्रमुख थाउसेन मध्यप्रदेश कैडर से हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, थाउसेन नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) बीएसएफ महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। थाउसेन शनिवार को दोपहर के बाद पंकज कुमार सिंह से बीएसएफ प्रमुख का प्रभार संभालेंगे। इससे पहले सिंह विदाई परेड की समीक्षा करेंगे और बीएसएफ के कुछ कर्मियों को सेवा पदक प्रदान करेंगे।

पंकज कुमार सिंह के पिता और 1959 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी प्रकाश सिंह बीएसएफ महानिदेशक के पद पर सेवा चुके हैं। उन्होंने जून, 1993 से जनवरी, 1994 तक बीएसएफ का नेतृत्व किया था। प्रकाश सिंह को देश में पुलिस सुधारों के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1996 में पुलिस में सुधार के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसके बाद सरकार ने आईबी प्रमुख, सीबीआई प्रमुख, विदेश सचिव, रॉ प्रमुख और केंद्रीय गृह सचिव को कम से कम दो साल का निश्चित कार्यकाल देना शुरू किया। देश की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने वाले अर्धसैनिक बल बीएसएफ में लगभग 2.65 लाख जवान तैनात हैं, जो पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ 6,300 किलोमीटर से अधिक लंबी भारतीय सीमा की रक्षा करते हैं।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रांस गंगा सिटी की आड़ में अवैध खनन,मजिस्ट्रेट ने 7 दिन में मांगा स्पष्टीकरण

**उन्नाव।** जिले की ट्रांस गंगा सिटी की आड़ में परमिशन से बाहर सरकारी जमीन पर अवैध खनन की शिकायत पर नगर मजिस्ट्रेट प्रभारी अधिकारी खनन ने 7 दिन में जवाब तलब किया है। समय से जवाब न देने पर एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी है। सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के बेथर गांव के प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की भूमि संख्या 1892 पर बृज किशोर द्विवेदी के नाम पर खनन परमिट स्वीकृत है। एबी नगर के नितिन सिंह ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि गाटा संख्या से मिली हुई सरकारी भूमि संख्या 1896 पर भी खननकर्ताओं ने मिट्टी खोद डाली है। सरकारी भूमि पर खनन की शिकायत को जिला अधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए खनन अधिकारी को जांच का निर्देश दिया है। मामले की जांच कर खनन कर्ता ब्रजकिशोर द्विवेदी से सात दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने की नोटिस थमाई है। वहीं, मिट्टी खनन के व्यवसाय से जुड़े लोगों में चर्चा रही कि यह मामला दो खनन कर्ताओं के बीच वर्चस्व का है। एक माह पूर्व छेरिहा में पीएनसी की आड़ में हो रहे खनन को पुलिस ने बंद करवाते हुए एक पोकलैंड और डम्फर को सीज किया था। इसी व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा को लेकर शिकायतों का सिलसिला शुरू होने की बात कही जा रही है। बहरहाल क्षेत्र में चल रहे वैध एवं अवैध खननकर्ताओं में हड़कंप मचा है।

इसी तरह तहसील सदर अंतर्गत ग्राम पवई में ग्राम समाज की भूमि संख्या 1535 रकबा 4 बीघा पर अवैध खनन की सूचना मिलने पर एसडीएम सदर नूपुर गोयल ने तहसीलदार विराग करवरिया के साथ मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण में मौके पर अवैध खनन पाए जाने पर पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर के ठेकेदार बनवारी पुत्र अज्ञात पर माखी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही सम्बन्धित लेखपाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई कराने के निर्देश एसडीएम ने दिए हैं। जांच में पाया गया कि लगभग 72000 घनमीटर मिट्टी का अवैध खनन किया गया है।

### चार लुटेरे गिरफ्तार,आरोपियों से लूटा गया सामान बरामद

**उन्नाव।** जिले में एक महीने में हुई लगातार लूट की घटनाओं से पुलिस की जमकर किरकिरी हुई। इतना ही नही रेंज से लेकर जोन के अफसरों ने कार्रवाई का अल्टीमेटम भी दिया था। लूट की घटना को खोलने के लिए थाने की विशेष टीम को लगाया गया। जिसके बाद बीती रात आसीवन पुलिस ने चार लुटेरों को पकड़ लिया। उनसे लूटा गया सामान भी बरामद हुआ। उन्नाव में बीते दिनों आसीवन थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली चोरी हुई, उसके बाद औरास में एक धर्म कांटे पर स्कार्पियो की लूट ली गई। खुलासे के लिए पुलिस टीम को लगाया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने चार युवकों को गिरफ्तार किया। जिसमें सन्दीप पुत्र बाबूलाल निवासी काशीपुर थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली, विवेक सिंह पुत्र स्वर्गीय वासुदेव निवासी कुलहा थाना आसीवन जनपद उन्नाव, नितिन कुमार पुत्र बिन्दा प्रसाद निवासी दमगढ़ी थाना सफीपुर उन्नाव, संदीप सिंह पुत्र स्वर्गीय रामनरेश निवासी आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव शामिल हैं। गिरफ्त में आये लुटेरो ने आसीवन में ट्रैक्टर ट्राली, औरास में लूट, हसनगंज में कई लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। सीओ पंकज सिंह ने कहा कि अन्य गैंग की तलाश के लिए टीम को लगाया गया है। जिससे घटनाओ को रोका जा सके। लूटेरों के पास से ट्रैक्टर ट्राली, इन्वर्टर, स्टेप्लाइजर व दो प्रिन्टर, वजन करने वाली मशीन, स्कार्पियो, दो मोटरसाइकिल और 3500 रुपये बरामद हुआ। पुलिस ने घटना के खुलासा के दौरान बताया कि पकड़े गए लुटेरे संदीप पर तीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं विवेक के खिलाफचार मुकदमें, नितिन के खिलाफएक और सन्दीप के खिलाफतीन मुकदमे दर्ज हैं। वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष आसीवन अनुराग सिंह, दरोगा राममोहन सिंह, वीरेन्द्र कुमार सरोज, संजय कुमार सिंह, स्वदेश यादव, भगत सिंह आरक्षी दीपक यादव, रोहित सिंह, मान्वेन्द्र यादव, रितेश पटेल, रवीन्द्र यादव, रमेश यादव, अरविन्द कुमार, अरविन्द कुन्तल, रमाकान्त और सौरभ यादव शामिल रहे।

### 271 फायरमैन कर्मियों की हुई पासिंग आउट परेड,डीजी फायर ने परेड के बाद किया सम्मानित

**उन्नाव।** जिले के दोस्ती नगर में स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर फायर में आज फायरमैन की पासिंग आउट परेड हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीजी फायर पहुंचे और उन्हें सलामी दी। सलामी के बाद ग्राउंड पहुंचे डीजी ने फायर के अधिकारियों की पासिंग आउट परेड देखी। अच्छा प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। कई साल बाद फायर में फायरमैन की पासिंग आउट परेड हुई। कार्यक्रम समापन के बाद उन्हें व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उत्तर प्रदेश के डायरेक्टर जनरल फायर अविनाश चन्द्र मौर्य दोस्ती नगर फायर ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे। यहां पर फायरमैन के रूप में चयनित हुए 271 पासिंग आउट परेड में भाग लिया। सजे-धजे वाहन से 10 टोलियों को देखा। टोली कमांडर ओर टीम में मौजूद पुलिसकर्मियों की अच्छी तैयारियों की सराहना की। इसके बाद उन्होंने सभी फायरमैन को ग्राउंड में ही शपथ दिलाई। डीजी ने कहा कि चयनित सभी फायरमैन कर्मियों से कहा कि नौकरी की गरिमा बनाने के साथ ही नियमों का पालन करेंगे। कहीं पर भी आग की घटना पर जाए तो खुद को बचाते हुए दूसरों की भी जान बचाये और कर्तव्यनिष्ठ के साथ नौकरी करेंगे। समापन के बाद डीजी के साथ सभी सेल्फी ली और दिन का रिवार्ड लिव मिला। इस कार्यक्रम के दौरान एसपी उन्नाव सिद्धार्थ शंकर मीणा, कमांडेंट आरएस मिश्रा, सीओ बीघापुर विजय आनन्द, एफएसओ शिवदरस प्रसाद, आर के पांडे समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में 10 टोलियां बनाई गई। जिसमें टोली के कमाण्डर को डीजी ने अवार्ड देकर सम्मानित किया। जिसमें अंकुर सिंह, अखिलेश कुमार यादव, विशाल जायसवाल, देवेंद्र पाल सिंह, विशाल मालिक, सोहन कुमार, दिनेश कुमार शर्मा, दीपक कुमार, विवेक कुमार, पुष्पेंद्र यादव शामिल रहे। डीजी अविनाश चन्द्र मौर्य ने उन्नाव, कानपुर समेत अन्य जनपदों में तैनात फायरकर्मी अच्छे कार्यो के लिए सम्मानित किए गए। जिसमे राम लखन, गोपीचंद, विजय बहादुर, संजय तिवारी, सुमन शुक्ला, गंगाधर, बलबीर यादव, नंद कुमार, आबिद अली समेत अन्य शामिल रहे।

### ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू, नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में हुआ आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** विकासखंड कुंभी गोला में नेहरू युवा केंद्र लखीमपुर द्वारा ग्राम मुड़ा विष्णु में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन गोला नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल के प्रतिनिधि अरविंद पांडे ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पूजन करके किया। खेलकूद प्रतियोगिता के कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक संघ के अध्यक्ष बाबूराम वर्मा ने की। नेहरू युवा केंद्र के संदीप वर्मा, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक संचालक ने मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद पांडे सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद पांडे ने वालीबॉल टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम स्तर पर युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करना नेहरू युवा केंद्र का मुख्य उद्देश्य है, जिससे प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर पर ग्राम स्तर के खिलाड़ियों को अवसर मिल सके। इससे वह अपने जनपद का नाम पूरे प्रदेश मे ही नहीं बल्कि पूरे भारत में कर सके नेहरू युवा केंद्र अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन राष्ट्र निर्माण में कर रहा है, जिसकी सराहना सर्वत्र हो रही है। कार्यक्रम अध्यक्ष बाबूराम वर्मा ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा समय-समय पर ग्राम स्तर पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कराए जाने से ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों को जनपद एवं प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर प्राप्त होगा। खेलकूद प्रतियोगिता के कार्यक्रम में खेल प्रेमी एवं संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

### डर से लापता हुआ था छात्र,स्कूल में टीचर से डांट पड़ने का था डर

**हरदोई।** जिले में घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकला 12 वर्षीय छात्र लापता हो गया था। उसे पुलिस ने ढूंढ निकला है और परिजनों को सौंप दिया है। इससे परिजनों में खुशी की लहर है। वह स्कूल में डांट पड़ने के डर से चला गया था। मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के गांव कोसिया निवासी संदीप पटेल का 12 वर्षीय पुत्र आर्यन कस्बे में ही एक स्कूल में कक्षा छह का छात्र है। गुरुवार सुबह वह घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। छुट्टी होने के बाद जब वह घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। जिसके बाद पिता ने कोतवाली में बेटे के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक अबरार हुसैन ने छात्र की तलाश शुरू की। शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे छात्र को कस्बे के बड़े चौराहे के पास से ढूंढ निकाला गया। थाना प्रभारी शेषनाथ सिंह का कहना है कि बच्चे को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस की पूछताछ में छात्र ने बताया कि तीन-चार दिनों से वह स्कूल नहीं गया था। स्कूल में पड़ने वाली डांट के डर से वह कानपुर ट्रेन से चला गया था। दूसरे दिन कानपुर से वापस कस्बे में आ गया। बच्चे को वापस पाकर परिजनों में खुशी की लहर है।

# बिखरे विपक्ष के बीच 2022 में भरपूर मुनाफे में रही भाजपा

## बीजेपी की 2022 में बादशाहत और दबदबे ने विपक्ष को बहुत पीछे छोड़ दिया

**संवाददाता**

**लखनऊ।** दिल्ली से लेकर लखनऊ तक बीजेपी की 2022 में बादशाहत और दबदबे ने विपक्ष को बहुत पीछे छोड़ दिया। बावजूद चुनौतियों बीजेपी के एमवाई यानि मोदी और योगी की जोड़ी ने हर मुद्दे पर अपनी छाप छोड़ी और लोहा मनवाया। साल के अंतिम माह में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद स्थानीय निकाय का मुद्दा विपक्ष ने उछालकर बीजेपी सरकार को घेरने की कोशिश शुरू की है मगर स्टेट गवर्नमेंट ने सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर कर हवा की गति धीमी कर दिया है। यूपी में विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने कमाल किया, वही उपचुनाव में भी संतोषजनक नतीजा आया। मैनपुरी और कैराना को छोड़ विपक्ष के खाते में कुछ नहीं। भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को उम्मीद थी कि 2022 के दौरान महत्वपूर्ण चुनावी लड़ाइयों में केंद्र की सत्ताधारी पार्टी के समक्ष कई कठिन सवाल खड़े होंगे। साल के अंत में भाजपा ने ही विपक्ष के समक्ष चुनौतियां पेश कर दी हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी वह दबदबा कायम रखने की दिशा में नित नई रणनीति सेट कर रही है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा तीन लोकसभा चुनाव जीतकर पिछले पांच दशकों में ऐसा करने वाली पहली पार्टी बनने की पुरजोर कोशिश में है। 1952-71 के बीच पांच चुनावों में कांग्रेस ने अनवर बहुमत हासिल किया था। पहली तीन जीत पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में दर्ज की थी जबकि दो बार इंदिरा गांधी की अगुवाई में कांग्रेस ने लगातार सरकार बनाई। 2022 की समाप्ति में चंद घण्टे बाकी है, लगातार तीन लोकसभा चुनावों में जीत दर्ज करने की उपलब्धि हासिल करने की भाजपा की उम्मीदें बढ़ने लग गई हैं। 2014 और उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा ने इस सिलसिले को उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में भी जारी रखा। दोनों ही राज्यों में भाजपा ने प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल की जबकि विपक्षी खेमा बिखरा रहा। आम आदमी पार्टी ने जरूर राष्ट्रीय राजनीति में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। राहुल

**चुनौती**

- मोदी और योगी की जोड़ी ने हर मुद्दे पर अपनी छाप छोड़ी और लोहा मनवाया
- स्थानीय निकाय का मुद्दा विपक्ष ने उछालकर बीजेपी सरकार को घेरने की कोशिश शुरू की

गांधी की अगुवाई में जारी श्भारत जोड़ो यात्राश् ने भले ही भाजपा से वैचारिक मुकाबले के लिए कांग्रेस में जोश भर दिया है लेकिन इसका चुनावों में क्या असर होगा, इसमें संशय है। भाजपा को एकमात्र नुकसान हिमाचल प्रदेश में हुआ, जहां उसे कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवानी पड़ी। फरवरी-मार्च में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने चार राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में सत्ता बरकरार रखी, जबकि आम आदमी पार्टी ने पंजाब में जीत हासिल की। पंजाब में अपने दम पर भाजपा कभी भी मजबूत दावेदार के



रूप में नहीं उभर सकी है। 2014 के बाद से मोदी द्वारा पार्टी के संगठन में कड़े परिश्रम पर बल दिए जाने के चलते संगठन के विस्तार को मजबूती मिली जिसका फायदा भी पार्टी को मिला है।

मार्च में उत्तर प्रदेश और तीन अन्य राज्यों में पार्टी की शानदार जीत के एक दिन बाद मोदी खुद गुजरात में रोड शो कर रहे थे। भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू के रूप में देश का पहला आदिवासी राष्ट्रपति बनाकर भी बढ़त हासिल की। उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ ने अपने विपक्षी प्रतिद्वंद्वी पर आसानी से जीत हासिल की। धनखड़ राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जाट जाति से ताल्लुक रखते हैं। भाजपा ने श्किसान पुत्रश् के रूप में पेश कर इस वर्ग में पार्टी के प्रति सामने आई नाराजगी को पाटने की कोशिश की ।महंगाई और बेरोजगारी ने मतदाताओं के एक वर्ग में रोष पैदा किया, लेकिन एक के बाद एक चुनावों से पता चलता है कि ज्यादातर लोग जिनमें नाखुश मतदाताओं का एक हिस्सा भी शामिल है, भाजपा में भरोसा जताते रहे और बिखरे विपक्ष द्वारा पेश किए गए विकल्प को खारिज कर दिया। इसका स् उदाहरण उत्तर प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनाव में दिखाई दिया।भाजपा महाराष्ट्र में शिव सेना को तोड़कर वहां की सत्ताधारी महा विकास अघाड़ी सरकार को बाहर करने में भी सफल रही। बिहार में उसने एक प्रमुख सहयोगी के रूप में जनता दल युनाईटेड को खो दिया और राज्य की सत्ता भी गंवा दी।इस राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला जद यू और राष्ट्रीय जनता दल का साथ आना उसे कठिन चुनौती है। पूर्वी राज्य के गोपालगंज और कुढ़नी में सत्तारूढ़ गठबंधन की संयुक्त ताकत के खिलाफ दो विधानसभा उपचुनावों में उसकी जीत ने इसके मजबूत सामाजिक आधार को रेखांकित किया है। भविष्य में अकेले दम पर राजनीतिक लड़ाई में अच्छी स्थिति हासिल करने की उसमें उम्मीद भी जगाई है। नए साल में लगता नहीं कि विपक्ष की एकजुट होने की कोशिश कुछ उल्लेखनीय कर पायेगी। राजनीति में कुछ कहा भी नहीं जा सकता, कब क्या नया हो जाये लेकिन दूर दूर तक नया होता दिख नहीं रहा है।

## अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने सुशील पाण्डेय

**संवाददाता**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल सिंह व महासचिव कमलाकांत त्रिपाठी द्वारा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त जानकारी के मुताबिक सुशील कुमार पाण्डेय सन् 1992 से संगठन में सक्रिय सदस्य व कार्यकर्ता के भाव से कार्य करने वाले विभिन्न पदों का दायित्व निभा चुके हैं ।

श्री पांडेय बाराबंकी के ब्लाक इकाई एवम कई दशकों तक जिला अध्यक्ष, मंडल के पदाधिकारी प्रदेश के पदाधिकारी रहे। वही उत्तर प्रदेशीय

**खुशी**

- कई दशकों तक जिला अध्यक्ष, मंडल के पदाधिकारी प्रदेश के पदाधिकारी रहे

प्राथमिक शिक्षक संघ के वर्ष 2009 के निर्वाचन में प्रदेश के निर्वाचित महामंत्री हुए थे। राष्ट्रीय संगठन में राष्ट्रीय सचिव के दायित्व का भी निर्वाहन कर चुके है। सुशील पाण्डेय लगातार शिक्षकों व संगठन के हित में कार्य करते हुए वर्तमान में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से सम्बद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर कार्य कर रहे हैं।

श्री पाण्डेय के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने



पर प्रदेश के शिक्षको में खुशी की लहर है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नवीन दायित्व मिलने उपरांत वार्ता के दौरान सुशील कुमार पाण्डेय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और महासचिव सहित सभी पदाधिकारियों व प्रदेश के शिक्षक साथियों ,शिक्षिका बहनों का अभार ज्ञापित किया।

## यूपी निकाय चुनाव की तैयारियों पर बीजेपी ने लगाया ब्रेक

**संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी में निकाय चुनाव पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के बाद पेंच फंस गया है। हाईकोर्ट के बिना आरक्षण चुनाव कराने के फैसले के खिलाफ योगी सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। साथ ही आयोग का गठन भी कर दिया है। ऐसे में निकाय चुनाव 4 से 6 महीने तक आगे जा सकते हैं। इसको देखते हुए बीजेपी ने 2024 के चुनाव की तैयारियों पर फोकस कर लिया है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष जनवरी के

**तैयारी**

- लोकसभा इलेक्शन की तैयारी में जुटे नेता
- फैसले के खिलाफयोगी सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई

पहले हफ्ते में लखनऊ का दौरा करेंगे। इस दौरान जेपी नड्डा पार्टी के स्थानीय नेताओं और कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। पार्टी नेता आने वाले हफ्ते ही राज्य इकाई की ओर से चल रहे।

## हमारे आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम हुआ आयोजन

**लखीमपुर-खीरी।** धौरहरा खीरी विकास क्षेत्र के बीआरसी परिसर में हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम बीईओ की अध्यक्षता में उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रेडीनेड प्रशिक्षण प्राप्त नोडल शिक्षक और अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। शुक्रवार को विकास क्षेत्र धौरहरा के बीआरसी प्रांगण में हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन बीईओ आशीष कुमार पांडेय के निर्देशन में उत्सव के रूप में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं रेडीनेड प्रशिक्षण प्राप्त नोडल शिक्षक और अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। विकासखंड धौरहरा में 149 आंगनबाड़ी केन्द्र एवं 151 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्राथमिक शिक्षा को बाल-वाटिका से जोड़ा गया है, जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्री और परिषदीय विद्यालयों के नोडल शिक्षक आपस में समन्वय स्थापित कर बाल वाटिका से कक्षा-3 तक की कक्षाओं का संचालन करके बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य कर रहे हैं। बीईओ आशीष कुमार पांडे ने कहा प्राथमिक शिक्षा की नींव आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के हाथों में है। कार्यक्रम में सुजीत कुमार सिंह सीडीपीओ, राम मिलन भार्गव (एआरपी ), शशि प्रकाश पाण्डेय शिक्षक संकुल नोडल शिक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

## मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग कर्मियों की हड़ताल

**झांसी।** महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में चार महीने से मानदेय न मिलने से नाराज कई आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी है। ऐसे में आधे पर्चा काउंटर बंद हो गए हैं। मरीज घंटों लाइन में लगे हुए हैं। मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग पर करीब एक हजार कर्मचारी तैनात हैं। इसमें स्टाफ नर्स, वार्ड ब्वॉय और सफाई कर्मचारी शामिल हैं। उन्हें चार महीने से मानदेय नहीं मिल पाया है। कर्मचारियों का कहना है कि कॉलेज अधिकारियों से बात करो तो वो ठेकेदार से बात करने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। जब ठेकेदार से बात करने जाओ, तो वो बोलता है कि

**प्रदर्शन**

- आधे पर्चे काउंटर बंद, मरीज घंटों लाइन में लगे
- मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग पर करीब एक हजार कर्मचारी तैनात
- कॉलेज अधिकारियों से बात करो तो वो ठेकेदार से बात करने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते

बजट नहीं आया है। इससे नाराज होकर शुक्रवार को कर्मचारियों ने




हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों का कहना है कि अगर मानदेय नहीं आया तो वो ड्यूटी नहीं करेंगे। वहीं, कॉलेज अधिकारी कर्मचारियों से बात कर हड़ताल खत्म करने की बात कह रहे हैं।

## कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद बोले- आरक्षण के मुद्दे पर हम ओबीसी समाज के साथ

**संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर गुरुवार को अपने सरकारी आवास एक विक्रमादित्य मार्ग पर प्रेस वार्ता करते हुए कहा की निषाद पार्टी आरक्षण के मुद्दे पर ओबीसी वर्ग के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है साथ ही मैं जिस सरकार का हिस्सा हूं वह भी ओबीसी के नेतृत्व



में बनी हुई सरकार है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ओबीसी के हित में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने उच्च न्यायालय के फैसले के 24 घण्टे के अंदर ओबीसी आयोग का गठन कर अन्य पिछड़ा वर्ग के हित मे कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश और देश के अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा और पूरी निष्ठा के साथ ओबीसी को समाज और विकास की मुख्यधारा के साथ जोड़ा जाएगा।

### कार की टक्कर से मासूम की मौत, टक्कर मारने के बाद कार चालक फरार

**हरदोई।** जिले के पिहानी इलाके में कार की टक्कर से मासूम घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां गंभीर अवस्था में डॉक्टरों ने हरदोई के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। पिहानी थाना क्षेत्र के अयारी गांव में कार की टक्कर से 3 साल का बच्चा घायल हो गया। जिसे गंभीर हालत में पिहानी सीएचसी में भर्ती कराया। जहां गंभीर अवस्था में डॉक्टरों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## करंट लगने से महिला की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**लखीमपुर-खीरी।** जिले के धौरहरा कस्बे में बन रहे नए मकान की तराई करते समय मोटर का तार स्वीच में लगाते ही महिला की करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन किसी तरह से दौड़ रही करंट वाले तार को हटाकर महिला को जैसे ही अस्पताल लिए जा रहे थे, वैसे ही उसकी मौत हो गई। अचानक हुई महिला की मौत के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को सायं करीब 4 बजे धौरहरा कस्बे के बाजार वार्ड निवासी सीमा 32 पत्नी जुगाड़ी पड़ोस में बन रहे अपने नए मकान में तराई करने के लिए गई थी। तराई करने को जैसे ही उन्होंने मोटर के तार लगाए कि वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। और वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। इनको देख परिजन किसी तरह तार को हटाकर उनको इलाज के लिए अस्पताल ले जाने लगे कि उनकी मौत हो गई।

## शिक्षकों ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन,नई पेंशन योजना जबरन लागू करवाने को लेकर आक्रोश

**लखीमपुर खीरी।** प्रदेश के बेसिक शिक्षकों पर जबरदस्ती लागू की जा रही नई पेंशन योजना को लागू न करने को लेकर उत्तर प्रदेश जू.हा. स्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों शिक्षकों ने क्षेत्र के शिक्षकों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन बीईओ को सौंपा कर पूर्व में जारी प्रताड़नापूर्ण आदेश तत्काल वापस लेने की मांग की है। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि समय रहते नई पेंशन योजना में जबरदस्ती लागू किए जाने से रोका न गया तो शिक्षक वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय पर धरना आंदोलन करने को बाध्य होंगे। धौरहरा क्षेत्र के ब्लॉक धौरहरा व ईसानगर में शुक्रवार को छुट्टी के बाद

**सौंपा ज्ञापन**

- शिक्षक वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय पर धरना आंदोलन करने को बाध्य होंगे
- नई पेंशन योजना 1अप्रैल 2005 से लागू की गई थी

बीआरसी परिसर में उत्तर प्रदेश जू. हा. स्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले एकत्र हुए शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीईओ आशीष कुमार पांडे व अखिलानंद राय को सौंपकर पूर्व में जारी प्रताड़ना पूर्ण आदेशों को वापस लेने की मांग की है। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि नई पेंशन योजना




1अप्रैल 2005 से लागू की गई थी,जो शिक्षकों कर्मचारियों के विपरीत है। शिक्षक पुरानी पेंशन लागू करवाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया कि वित्त नियंत्रक लेखा बेसिक शिक्षा परिषद लगातार पत्र जारी कर नई पेंशन योजना को स्वीकार करने का जबरन दबाव बना रहे हैं, जो तानाशाही पूर्ण व्यवहार है। जबकि नवीन पेंशन योजना स्वैच्छिक है, शिक्षकों ने यह भी कहा कि यदि वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा जारी आदेशों पर रोक नहीं लगाई गई तो शिक्षक जिले पर वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा के कार्यालय पर अनिश्चित कालीन आंदोलन करेंगे। शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया कि वित्त नियंत्रक लेखा बेसिक शिक्षा परिषद लगातार पत्र जारी कर नई पेंशन योजना को स्वीकार करने का जबरन दबाव बना रहे हैं, जो तानाशाही पूर्ण व्यवहार है। जबकि नवीन पेंशन योजना स्वैच्छिक है, शिक्षकों ने यह भी कहा कि यदि वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा जारी आदेशों पर रोक नहीं लगाई गई तो शिक्षक जिले पर वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा के कार्यालय पर अनिश्चित कालीन आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने के बाद ब्लॉक ईसानगर के शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव,मंत्री दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बेसिक शिक्षकों पर जबरन नई पेंशन योजना लागू की जा रही है। वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा लगातार पत्र जारी कर योजना अपनाने का लगातार बनाये जा रहे दबाव के विरोध में आज मुख्यमंत्री के नाम बीईओ अखिलानंद राय को ज्ञापन देकर जारी आदेशों को तत्काल वापस लेने की मांग की गई है।

# पांच एमएलसी सीटों पर 30 जनवरी को वोटिंग

## दो फरवरी को आएंगे नतीजे, 39 जिलों में आचार संहिता लागू

संवाददाता

**लखनऊ।** विधान परिषद की शिक्षक और स्नातक क्षेत्र की पांच सीटों पर चुनाव के लिए मतदान 30 जनवरी को होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को चुनाव कार्यक्रम जारी किया। नामांकन 12 जनवरी तक दाखिल किए जाएंगे और मतगणना दो फरवरी को होगी। परिषद चुनाव की घोषणा के साथ ही इसके दायरे में आने वाले 39 जिलों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक, कानपुर खंड स्नातक, बरेली-मुरादाबाद खंड स्नातक, इलाहाबाद झांसी खंड शिक्षक और कानपुर खंड शिक्षक में चुनाव के लिए पांच जनवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी। पांच से 12 जनवरी तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। 13 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 16 जनवरी तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे।

**चुनाव**

- नामांकन 12 जनवरी तक दाखिल किए जाएंगे और मतगणना दो फरवरी को होगी
- शिक्षक और कानपुर खंड शिक्षक में चुनाव के लिए पांच जनवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी

बता दें कि गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक से एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह, कानपुर खंड स्नातक से अरुण पाठक, बरेली-मुरादाबाद खंड स्नातक से डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, इलाहाबाद झांसी खंड शिक्षक से सुरेश कुमार त्रिपाठी और कानपुर खंड शिक्षक से राजबहादुर सिंह चंदेल का कार्यकाल 12 फरवरी को पूरा हो रहा है। 39 जिलों में आचार संहिता लागू




विधान परिषद की शिक्षक एवं स्नातक खंड की पांच सीटों के चुनाव के मद्देनजर प्रदेश के 39 जिलों में आचार संहिता लागू की गई है। प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी, ललितपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, संभल, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, अयोध्या, अमेठी और अंबेडकर नगर में 4 फरवरी तक आचार संहिता लागू रहेगी।

### लखनऊ विश्वविद्यालयः प्रो. आलोक राय को दूसरा कार्यकाल, तीन साल के लिए फिर कुलपति बने

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को लेकर चल रही चर्चाओं पर विराम लग गया है। राजभवन ने उन्हें अगले तीन वर्षों के लिए एक और कार्यकाल दिया है। इस संबंध में राज्यपाल ने आदेश जारी कर दिया है। मूल रूप से बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के मैनेजमेंट विभाग के प्रो. आलोक कुमार राय ने 30 दिसंबर 2019 को लखनऊ विवि में बतौर कुलपति ज्वॉइन किया था। उनकी नियुक्ति तीन साल के लिए की गई थी। बृहस्पतिवार को उनके कार्यकाल के तीन साल पूरे हो चुके हैं। वहीं अपने कार्यकाल में उन्होंने अन्य क्षेत्रों में बेहतर करने के साथ ही राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक ) में विश्वविद्यालय को ए प्लस प्लस ग्रेडिंग दिलाई जो प्रदेश के किसी विश्वविद्यालय के पास नहीं थी। हालांकि इसके बाद इस बात को लेकर चर्चा तेज हो गई थी कि उन्हें दोबारा कुलपति के रूप में काम करने का मौका मिलेगा। हालांकि पूर्व में राजभवन की ओर से नए कुलपति के चयन के लिए आवेदन मांगे गए थे। जानकारी के अनुसार इसकी स्क्रीनिंग के बाद बुधवार को इंटरव्यू भी हुए। किंतु किसी को नियमित कुलपति के रूप में तैनाती की जगह प्रो. राय को ही अगले आदेश या नए कुलपति की नियुक्ति होने तक कुलपति बने रहने की सूचना देर शाम राजभवन से विश्वविद्यालय को मिली।

# यूपीसीडा ने हासिल किए एक लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

## एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव निवेशकों से प्राप्त किए

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने विभिन्न जिलों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव निवेशकों से प्राप्त किए है।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि इन निवेश प्रस्तावों में से 83 हजार करोड़ रुपए के आशय पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इन एमओयू को 10-12 फरवरी 2023 को लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान अंतिम रूप दिया जाएगा, जिससे जल्द ही निवेशक कंपनियों द्वारा परियोजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य शुरू किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए उत्तर प्रदेश में बड़े स्तर पर देसी और विदेशी निवेश

**विकास**

- निवेश प्रस्तावों में से 83 हजार करोड़ रुपए के आशय पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जा चुके
- 2023 को लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान अंतिम रूप दिया जाएगा


जुटाने का लक्ष्य रखा है। इस लिहाज से यूपीसीडा ने इस लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में अहम योगदान दिया है।

यूपीसीडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मयूर माहेश्वरी ने बताया कि प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यस्था बनाने में पूर्ण रूप से प्रयासरत है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यूपीसीडा के वरिष्ठ अधिकारियों की नौ टीमों का गठन कर प्रथम चरण में प्रदेश के 22 जिलों में निवेशकों एवं उद्यमियों के साथ निवेश बैठकें आयोजित की गईं। निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए गोष्ठियों में निवेशकों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

इनमें मुख्य रूप से फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क, वेयरहाउसिंग, पेपर उद्योग, मेडिकल क्षेत्र, बायोफ्यूल, खिलौना उत्पाद, डेटा सेंटर, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स इत्यादि क्षेत्रों में इकाई स्थापित करने के लिए अपनी रुचि दिखाई है। यूपीसीडा प्राधिकरण के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 23 से पूर्व प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम गठित कर प्रदेश के अन्य जनपदों में भी निवेश गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही सरकार की अन्य निवेश नीतियों का प्रचार-प्रसार कर नीतियों के अंतर्गत निवेश कराते हुए अधिक से अधिक रोजगार सृजित करने के लिये निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं।

यूपीसीडा ने जो एमओयू किए हैं, उनकी स्थापना के बाद हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। जो प्रमुख एमओयू हुए हैं उनमें गाजियाबाद में ग्रूपेकर्स नेटवर्क द्वारा 10,000 करोड़ के निवेश से प्राइवेट पार्क स्थापित करने पर 10000 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह गौतमबुद्धनगर में मोबिलिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर ग्रुप द्वारा 8000 करोड़ के निवेश से लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउस पार्क स्थापित करने से 1000 लोगों को नौकरी मिलेगी। कानपुर में मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट (यूपी) लिमिटेड द्वारा 6000 करोड़ के निवेश से लेदर उद्योग स्थापित करने पर दो लाख लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

### यूपी के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा को मिल सकता है 6 महीने के सेवा विस्तार, 31 तारीख को है रिटायरमेंट



संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा को 6 महीने के सेवा विस्तार मिल सकता है। बता दें कि पिछले साल 31 दिसम्बर 2021 को मिश्रा का रिटायरमेंट था, लेकिन एक साल का सेवा विस्तार देकर उन्हें यूपी का मुख्य सचिव बनाया था। अब 31 दिसम्बर 2022 को रिटायरमेंट है। 1984 बैच के आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा की गिनती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भरोसेमंद अफसरों में होती है। दुर्गा शंकर मिश्रा 1984 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। इतना ही नहीं मिश्रा दिल्ली मेट्रो के चेयरमैन भी हैं। मिश्रा ने आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग की। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न सिडनी से एमबीए किया है। इतना ही नहीं मिश्रा केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार में कई अहम पदों पर भी रहे हैं। दुर्गा शंकर मिश्रा के पिता मदन मिश्र के तीन बेटे व चार बेटियां हैं। सबसे बड़े दुर्गा शंकर हैं। उनके छोटे भाई सत्यकाम आईआरएस अफसर हैं और वर्तमान में आयकर विभाग में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त के पद पर नई दिल्ली में तैनात हैं। छोटे भाई विनय कुमार मिश्र पीसीएस हैं व सचिव के पद पर हैं। दुर्गा शंकर मिश्र के पिता का करीब दस साल पूर्व देहांत हो चुका है।

### इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन के प्रियंक गुप्ता बने महामंत्री

संवाददाता

**लखनऊ।** निरालानगर स्थित निजी प्रतिष्ठान में इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन लखनऊ महानगर युवा इकाई की बैठक की अध्यक्ष अनुराग साहू की अध्यक्षता संपन्न हुई अनुराग साहू ने कहां कि प्रदेश अध्यक्ष विधायक डॉ नीरज बोरा के मार्गदर्शनअनुसार नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया जिसमें प्रियंक गुप्ता को सर्वसम्मति से महामंत्री पद पर मनोनीत करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रियंक गुप्ता ने महामंत्री पद ग्रहण करने के बाद कहा कि संगठन द्वारा मुझे जो कार्य दिया जाएगा उसको मैं पूरी निष्ठा के साथ निर्वाह करने के साथ संगठन विस्तार तथा जन जागरण मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका

**बैठक**

- नीरज बोरा के मार्गदर्शन अनुसार नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया

निभाऊंगा। वही अध्यक्ष अनुराग साहू ने बताया कि बैठक में सत्राह उपाध्यक्ष रविंद्र वैश्य, अनुज गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, तन्मय अग्रवाल, श्याम जी साहू, अभिनव गुप्ता, लव अग्रवाल, शिशिर अग्रवाल, मनीष गुप्ता, संदीप वर्मा, राजू साहू, रोहित आनंद जयसवाल, रामू गुप्ता कोषाध्यक्ष अभिषेक मित्तल, मीडिया प्रभारी प्रशांत वर्मा का प्रस्ताव पारित कर मनोनीत किया गया।

# साल के आखिरी दिन कैबिनेट मंत्री कौशल किशोर नशा मुक्त दीप यात्रा निकालेंगे

संवाददाता

**लखनऊ।** साल के आखिरी दिन कैबिनेट मंत्री कौशल किशोर नशा मुक्त दीप यात्रा निकालेंगे। शनिवार को परिवर्तन चौक से हजरतगंज जीपीओ तक मार्च निकलेगा। कौशल किशोर ने बताया कि पूरे देश में वह नशा मुक्त अभियान चला रहे हैं। अब यह अभियान पूरे देश में जोर पकड़ लिया है। नशे की वजह से कौशल किशोर के युवा बेटे की मौत हो गई थी। उसके बाद से ही वह पूरे प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान में जुट गए है। इसके तहत मंत्री कौशल किशोर ने पूरे देश को नशामुक्त बनाने का जो

**अभियान**

- शनिवार को परिवर्तन चौक से हजरतगंज जीपीओ तक मार्च निकलेगें

संकल्प लिया है, उसके लिए वे लगातार स्वयं सक्रिय हैं। उनका मानना है कि हमारे देश में खुशियों के रूप में मनाए जाने वाले किसी भी अवसर पर यह जरूरी है। नई पीढ़ी के लोग नशे से बिल्कुल दूरी बनाए रखें क्योंकि ऐसे ही अवसरों पर युवाओं को पहली बार नशे का सेवन कराया जाता है, और उसके बाद वे खुद ही



नशे के आदी हो जाते हैं। अभियान में शहर में हजारों लोग जुड़ेंगे। कौशल किशोर के अभियान शहर के आम आदमी से लेकर रसूखदार लोग जड़ेंगे। कार्यक्रम में मंत्री कौशल किशोर स्वयं मौजूद रहेंगे। परिवर्तन चौक से जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा तक अभियान चलाया जाएगा। इस दीप यात्रा में लोग इस बात की अपील करेंगे कि आने वाली पीढ़ियां पूरी तरह से नशे से दूर रहें और आने वाला नया साल नशामुक्त नया साल हो। कौशल किशोर के एक बेटे की मृत्य नशे के कारण अक्टूबर 2020 में हुई थी। इसके बाद ही उन्होंने यह आंदोलन शुरू किया था। अब तक उनके नेतृत्व में अनेक बैठकों, आयोजनों और जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा पूरे देश में 5 करोड़ 6 लाख 50 हजार से अधिक लोग जीवन में कभी भी नशा न करने का संकल्प धारण कर चुके हैं। लगभग 20 हजार ऐसे

### राजेन्द्र बने 6वी शैल बाला मेमोरियल ओपेन टूर्नामेंट के विजेता

**लखनऊ।** स्थानीय प्रिसीजन चेस अकादमी में खेली जा रही 6वी शैल बाला मेमोरियल ओपेन टूर्नामेंट के पांचवे तथा अन्तिम चक्र में प्रथम बोर्ड पर सफेद मोहरों से खेलते हुए वरिष्ठ खिलाडी राजेन्द्र कुमार ने युवा खिलाडी मेधांश सक्सेना को हरा कर सभी संभावित 5 अंक अर्जित कर चैम्पियनशिप पर कब्जा जमा लिया। सफेद मोहरों से राजेन्द्र ने लंदन सिस्टम ओपनिंग में बाजी की शुरुआत की तथा 96 चालों तक चली मैराथन बाजी में मेधांश को बाजी छोडने पर मजबूर कर दिया।

### शहरी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में रिड्यूस, रियूज तथा रिसाइकिल का विशेष योगदानः रिया केजरीवाल

संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में 16 से 31 दिसंबर के मध्य मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज रिया केजरीवाल, मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ ने चारों तरफ एवं भीतर से भी स्वच्छता विषय पर स्वच्छता जागरूकता व्याख्यान देते हुए सभी उपस्थितजनों से स्वच्छता का पालन करते हुए सम्पूर्ण लखनऊ शहर को स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। उन्होनें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में तीन आर (रिड्यूस, रियूज तथा रिसाइकिल) को

**पहल**

- लखनऊ शहर को स्वच्छ बनाने का आह्वान किया

अपनाने पर जोर दिया। श्रीमती केजरीवाल ने कहा कि हम वस्तुओं के कम उपभोग द्वारा कम अपशिष्ट उत्पन्न करके, प्लास्टिक की बोतल, प्लेट्स, कप व बर्तनों का प्रयोग न करके, कम पैकेजिंग वाले उत्पादों का प्रयोग करके, पुनः उपयोग हो सकने वाले उत्पादों का बार-बार उपयोग करके तथा पुनर्चक्रण किए जा सकने वाले उत्पादों का पुनर्चक्रण करके शहरी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में अपनी साकार भूमिका अदा कर अपने शहर को स्वच्छ रखने में सहायक हो सकते हैं। डॉ. आर. विश्वनाथन, निदेशक, भाकृअनुप दृ भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री की स्वच्छता संबंधी दूरदर्शिता से शहर, प्रदेश एवं सम्पूर्ण देश को अत्यंत स्वच्छ बनाने में सभी भारतीयों के सहयोग की प्रशंसा करते हुए स्वच्छता के लिए अभी और प्रयास करने की आवश्यकता बताई।

### नए साल के जश्न पर बरतनी होगी सावधानी

संवाददाता

**लखनऊ।** नए साल के जश्न में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए एडवाइजरी जारी की है। सभी होटल, रिसार्ट व मॉल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि उनके यहां आने वाले लोगों को सख्ती से कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराएं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि सभी आयोजकों को खुले स्थान पर कार्यक्रम करने के लिए कहा गया है। पार्टी में मास्क व सामाजिक दूरी का पालन कराना होगा और सैनिटाइजर की व्यवस्था रखनी होगी। होटल संचालकों से कहा गया है कि वे विदेश से लौटे यात्रियों की तत्काल जानकारी दें, ताकि कोरोना के लक्षण होने पर जांच कराई जा सके। टेस्टिंग बढ़ाने पर जोर कोरोना के नए वैरिएंट से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग जांच का दायरा बढ़ाएगा। इसके लिए रैपिड रिस्पांस टीम भी बढ़ाई जा रही है। पॉजिटिव मरीज के संपर्क में आने वाले ज्यादा से ज्यादा लोगों की जांच कराने के साथ उनकी जीनोम सीक्वेंसिंग भी कराई जाएगी।

## एसीपी कार्यालय पहुंचे, बोले, पहली बार ऐसा हुआ, जब स्टैंड से ठेकेदारी खत्म हुई

# मोहनलालगंज में जाम से निजात मिलने पर टैक्सी चालक खुश

संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के मोहनलालगंज कोतवाली में हाल ही में एसआई राजकुमार को चौकी प्रभारी बनाया गया। एसआई राजकुमार ने टैक्सी स्टैंड पर ठेकेदारी प्रथा खत्म कर दी। पहले सिर्फ ठेकेदारों की गाड़ियों में ही सवारियां बैठाई जाती थी। जिससे अन्य लोगों के सामने अपनी जीविका चलाने तक का संकट था।

**कार्रवाई**

- एसआई राजकुमार ने टैक्सी स्टैंड के ठेकेदारों की छुट्टी कर दी
- पुलिस की अपील को नजरंदाज करने वाले एक दर्जन से अधिक टैक्सी सीज और 10 से अधिक टैक्सियों के चालान काटने की कार्रवाई

लेकिन एसआई राजकुमार ने टैक्सी स्टैंड के ठेकेदारों की छुट्टी कर दी। इसी के साथ मुख्य चौराहों जाम का सबब बन रहे टैक्सी स्टैंड को भी चौराहों से दूर शिफ्ट कर दिया गया है। मोहनलालगंज कस्बे में सिर्फ कालूखेड़ा रूट की टैक्सियां ही चल सकेंगी। अन्य रूट पर चलने वाली टैक्सी कस्बे के बाहर मिलेंगी। जिससे जाम की समस्या से निजात मिलेगी। पुलिस की अपील को नजरंदाज करने वाले एक दर्जन से अधिक टैक्सी सीज और 10 से अधिक टैक्सियों के चालान काटने की कार्रवाई भी की गई। टैक्सी चालकों ने भी पुलिस के फैसले से खुशी जाहिर की है। टैक्सी चालकों ने बताया कि पहले मोहनलालगंज के टैक्सी स्टैंड पर दबंगों का कब्जा था। उनके ठेकेदार तय करते थे कि किस टैक्सी में सवारियां बैठेंगी। इसको लेकर आए दिन झड़प भी होती थी। लेकिन अब सभी अपनी बारी से सवारियां भरते हैं। कस्बे के अंदर भी टैक्सी नहीं जाती। जिससे जाम नहीं लगता। पुलिस की कार्रवाई और टैक्सी स्टैंड को चौराहों से दूर किए जाने के फैसले से हम भी खुश है। मोहनलालगंज कोतवाली प्रभारी कुलदीप दुबे ने बताया कि लखनऊ-रायबरेली रूट पर अक्सर जाम की समस्या बनी रहती थी। टैक्सी चालकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान किया गया है। पुलिस की अपील का असर दिखाई देने लगा है। जल्द पटरी दुकानदारों की समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चंदौली में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से दो लोगों की मौत, उड़ गए शरीर के चिथड़े

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के रविनगर स्थित दयाल क्लीनिक के बाहर ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई ।हादसा इतना भयावह था कि आसपास के घरों के लोग सिलेंडर फटने के दौरान डर गए। मौके पर मौजूद 2 लोगों के चिथड़े उड़ गए थे जिसके बाद फौरन पुलिस को मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। रविनगर स्थित दयाल हॉस्पिटल के बाहर एक गाड़ी ऑक्सीजन सिलेंडर लादकर खड़ी थी। वहीं कुछ लोग सिलेंडर को उतार रहे थे। तभी एक सिलेंडर नीचे गिरा और तेज धमाके के साथ फट गया जिसके कारण मौके पर मौजूद 2 लोगों के चिथड़े उड़ा गए। वहीं धमाके की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने मृतकों की पहचान पीडीडीयू नगर निवासी चंद्रभान और राजन के तौर पर की है। एसपी अंकुर अग्रवाल ने घटना को लेकर जांच बैठा दी है।एसपी ने बताया कि मामले की बारीकी से जांच कराई जाएगी। जिससे कि पता लगाया जाएगा कि किन कारणों से सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्र किए है। बताया गया है कि यह सिलेंडर काफी मजबूत होते हैं। जांच में यह साफपता चला है कि अधिक प्रेशर या किसी अन्य कारण से सिलेंडर फटे हैं। इसके अलावा पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगालेगी। जिससे पता लगाया जाएगा कि सिलेंडर वाहन में धक्का लगा है या गिरने से सिलेंडर फटा है। मामले की जांच की जा रही है।

### न्यायालय सुरक्षा में ड्यूटी पर तैनात सिपाही ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। छिबरामऊ में एक सिपाही ने ड्यूटी के दौरान फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक सिपाही न्यायालय सुरक्षा में तैनात था। शुक्रवार को सिपाही ड्यूटी करने के लिए छिबरामऊ तहसील पहुंच गया था। इसके कुछ देर बाद ही उसका शव पेड़ पर लटका पाया गया। पेड़ पर सिपाही का शव लटका देख मौके पर हड़कंप मच गया। छिबरामऊ न्यायालय सुरक्षा में तैनात सिपाही विष्णु मूल रूप से मथुरा जिले का रहने वाला है। मृतक सिपाही की 5 महीने पहले शादी हुई थी। लोगों ने बताया कि हर रोज की तरह वह शुक्रवार को भी छिबरामऊ तहसील पहुंच गया था जिसके बाद वह कुछ देर तक फोन पर बात करता रहा है। इसके बाद विष्णु ड्यूटी पर तैनात अन्य पुलिस कर्मियों की नजरों से कुछ देर के लिए ओझल हो गया। थोड़ी देर बाद तहसील परिसर स्थित न्यायालय भवन के पीछे उसका शव पेड़ फांसी के फंदे से लटका मिला। वहीं मामले की जानकारी मिलने पर सीओ छिबरामऊ दीपक दुबे फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। सीओ छिबरामऊ दीपक दुबे ने फोर्स की मदद से सिपाही विष्णु का शव पेड़ से नीचे उतरवाया। इसके बाद मृतक सिपाही के परिजनों को मामले की जानकारी दी गई। सिपाही द्वारा आत्महत्या किये जाने का कारण सामने नहीं आ सका है। पुलिस मृतक विष्णु के घरवालों के आने का इंतजार कर रही है। बताया जा रहा है कि परिजनों से मामले की पूछताछ की जाएगी। इसके बाद ही आत्महत्या के कारण का पता चल सकेगा। पुलिस ने शव के पंचनामे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मियों को सूचना दी थी। एसपी कुंवर ने बताया कि आत्महत्या का कारण तलाशा जा रहा है।

### पीईटी 2022 स्कोर पर बंपर भर्तियां, अभ्यर्थियों को रिजल्ट का इंतजार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से दूसरी बार 15 16 अक्टूबर 2022 को प्रारंभिक पात्रता परीक्षा का आयोजन कराया गया था। पीईटी परीक्षा के लिए करीब 37.58 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, लेकिन 25 लाख के करीब अभ्यर्थी एग्जाम में शामिल हुए थे। ढाई महीने बीतने के बाद भी आयोग ने अबतक पीईटी 2022 एग्जाम का रिजल्ट घोषित नहीं किया है। पीईटी रिजल्ट को लेकर यूपीएसएसएससी की ओर अच्छे संकेत मिल रहे हैं। यूपी पीईटी 2021 के स्कोर कोर्ड की वैलिडिटी अगले साल के पहले हफ्ते में समाप्त होने वाली है, इसलिए ऐसा माना जा रहा है कि यूपीएसएसएससी पिछले साल 2021 के स्कोर कार्ड की वैधता खत्म होने से पहले पीईटी 2022 का परिणाम घोषित कर देगा। पीईटी 2022 रिजल्ट के स्कोर के आधार पर यूपी के कई विभागों में यूपीएसएसएससी की नौकरियों के दरवाजे खुल जाएंगे। उत्तर प्रदेश में पीईटी 2022 के स्कोर पर ही राजस्व चकबंदी लेखपाल, वीडीओ, एग्रीकल्चर असिस्टेंट, अकाउंटेंट ऑडिटर, गन्ना विभाग में सर्वेयर, लैब तकनीशियन, फॉरेस्ट गॉर्ड, इंस्ट्रक्टर्स व एक्सरे तकनीशियन के पदों पर भर्तियां होगी। आयोग जल्द ही यूपी लेखपाल की भर्ती की घोषणा कर सकता है, इसलिए अभ्यर्थी अभी से ही इसकी तैयारी शुरू कर दें।

### विधानसभा के दो अधिकारी सेवानिवृत्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के दो वरिष्ठ अधिकारी क्रमशः संयुक्त सचिव विजय प्रकाश सिंह एवं उपसचिव सुनील कुमार सिंह के पद पर लगातार कार्य करते हुए सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे एवं विशेष सचिव व अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने विधानभवन के राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन हॉल में एकत्र होकर पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र के साथ मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया और दोनो लोगो के उत्तम स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

### 70 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच।** जिले में एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसपी प्रशांत वर्मा ने अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए सभी थानाध्यक्ष को गश्त करने के निर्देश दिया है। एसपी के निर्देश पर रुपईडीहा पुलिस व एसएसबी टीम गश्त कर रही थी। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि भारत-नेपाल बार्डर सीमा स्तम्भ संख्या 651ध्4 पर गश्त के दौरान एक युवक दिखा। रोकने पर भागने लगा। टीम ने घेराबंदी कर दबोचा। युवक की पहचान जुनैद उर्फमंजन निवासी घसियारन मोहल्ला थाना रुपईडीहा के रूप में हुई। आरोपी के पास से 145 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत 70 लाख रुपये आंकी गई हैं। आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। एसपी ने कहा कि अपराध पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई शिवम कुमार त्रिपाठी, सिपाही राजेन्द्र मोदनवाल, सूर्यकांत पाण्डेय, राहुल सिह और एसएसबी टीम में एएसआई अरुण कुमार, हेड कांस्टेबल सुभाष कुमार, कांस्टेबल राजकुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में बाघ मित्रों का प्रशिक्षण

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग एवं विश्व प्रकृति निधि- भारत (डब्लूडब्लूएफ) के संयुक्त आयोजन में ककरहा रेंज के इको अवेरनेस सेंटर पर बाघ मित्रों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को उप प्रभागीय वनाधिकारी गिरिजापुरी रमेश चौहान ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मानव वन्यजीव सह अस्तित्व में बाघ मित्रों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण साबित होगी। मानव वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन में यह महती भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डब्लूडब्लूएफके वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विगत वर्षों में मानव वन्य जीव संघर्ष के बढ़ते हुए स्वरूप को बताया। विगत माहों में इस क्षेत्र में तेंदुओं के रेस्क्यू एवं घटनाओं को बताया। इस मानव वन्य जीव संघर्ष प्रबंधन में ग्रामीणों की समुचित भागीदारी हेतु बाघ मित्रों के चयन हेतु बताया। जिससे कि तेंदुआ प्रभावित क्षेत्रों में जानवरों की ट्रैकिंग, मॉनिटरिंग तथा रेस्क्यू में ग्रामीणों का सहयोग मिल सके। हसन ने बाघ मित्रों के गठन का स्वरूप बताया कि कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के अंतर्गत 35 ग्रामसभा तेंदुआ प्रभावित ग्राम सभा के रूप में चिह्नित किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत के आधार पर पूरे प्रभाग ऐच्छिक रूप से बाघ मित्रों का चयन किया गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायतों से एक या दो जागरूक ग्रामीणों का चयन कर बाघ मित्र के रूप में रखा जाएगा, जो कि स्वैच्छिक एवं अवैतनिक होगा एवं संबंधित ग्राम प्रधान एवं इको विकास समितियों के अध्यक्ष सहयोग में होंगे। इस क्षेत्र के रेंज अधिकारी एवं संबंधित फील्ड स्टाफके समन्वयक में रहेंगे। मुख्य प्रशिक्षक डब्लूडब्लूएफ के बिहार प्रदेश के समन्वयक डॉ. कमलेश मौर्या एवं क्षेत्रीय वनाधिकारी सुजौली रामकुमार ने प्रतिभागी बाघ मित्रों को वन्यजीवों की पहचान उनके व्यवहार, वन्यजीवों के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष चिह्नों, कैमरा ट्रैप विधि से निगरानी आदि के बारे में प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में वन्यजीव प्रतिपालक मोतीपुर नम्रता पाण्डेय, क्षेत्रीय वनाधिकारी ककरहा रामकुमार प्रथम , क्षेत्रीय वनाधिकारी मोतीपुर महेंद्र मौर्या , क्षेत्रीय वनाधिकारी धर्मापुर लल्लन स्वरूप दीक्षित ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# सम्पादकीय

## ड्रोन से गिराये अवैध नशे

पाकिस्तान से लगती भारत की सीमा पर सुरक्षा बलों की चाक-चौबंद सुरक्षा के बावजूद पाक सत्ता प्रतिष्ठानों, आतंकियों व तस्करों द्वारा ड्रोन के जरिये अपने मंसूबे पूरे करने की साजिश को अंजाम दिया जा रहा है। आये दिन भारतीय सीमा में पाकिस्तानी ड्रोंस की हरकतें नजर आती हैं। इनमें से बड़ी संख्या में ड्रोन मार गिराये गये हैं और अरबों रुपये के नशीले पदार्थ और हथियार अब तक बरामद हो चुके हैं। विडंबना ये है कि भारतीय सीमा में कई काली भेड़ें इन भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। जो व्हाटसएप के जरिये लोकेशन हासिल कर ड्रोन से गिराये अवैध नशे और हथियारों को उठा ले जाते हैं। नशा तस्करों का अंतर्राष्ट्रीय जाल भारतीय संप्रभुता और सुरक्षा को चुनौती दे रहा है। हाल ही में अमृतसर में पुलिस ने दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया था और आरोपियों से एक ड्रोन भी बरामद हुआ। ये तस्कर पाकिस्तान से हेरोइन मंगवाते थे। जो ड्रोन इन आरोपियों से बरामद हुआ वह अमेरिका में बना परिष्कृत ड्रोन था, जिसकी कीमत बीस लाख रुपये बतायी गई है। जो लंबे समय तक चलने वाली बैटरी बैकअप तथा इन्फ्रारेड आधारित नाइट विजन कैमरा सहित उच्च कोटि की खासियत वाला ड्रोन था। बताते हैं कि गत एक माह में सीमा से बरामद यह छठा ड्रोन था, जो सबूत है कि पाकिस्तान से भारत विरोधी साजिशें किस स्तर पर संचालित की जा रही हैं। आए दिन बीएसएफके जवानों की मुस्तैदी से कई ड्रोन मार गिराये जाते हैं और कई चकमा देकर फिर पाकिस्तान की सीमा में चले जाते हैं। इन गतिविधियों को देखकर लगता है कि यह काम सिर्फ नशा तस्करों का ही नहीं हो सकता। इसमें पाक सत्ता प्रतिष्ठानों व खुफिया एजेंसियों की भूमिका निश्चित रूप से हो सकती है। तभी भारतीय सीमा में भारी मात्रा में मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जाता है। दरअसल, कई बार उन लोगों की ओर भी संदेह की सुई घूमी है, जिनका काम लोगों को सुरक्षा मुहैया कराना होता है। भारतीय तस्कर और चरमपंथी भी इन गतिविधियों को अंजाम देते हैं। जिन्हें पाक में बैठे उनके आका लगातार संदेश भेजकर तस्करी को अंजाम देते हैं। इतना ही नहीं, कई बार कोहरे का फायदा उठाकर भी ड्रोन भारतीय सीमा में दाखिल हो जाते हैं। पिछले दिनों ऐसे मामले भी प्रकाश में आये जब ड्रोनों की लाइट बंद करके सुरक्षा बलों की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश की गई। पंजाब से लगातार बरामद हो रहीं नशीले पदार्थों व अवैध हथियारों की खेप बताती हैं कि यह साजिश किस पैमाने पर चल रही है। दरअसल, पाकिस्तान से भेजे जा रहे अधिकांश ड्रोन चीन निर्मित बताये जाते हैं।

## दलित क्या पानी पीने के हकदार नहीं

देश में धार्मिक और जातीय भेदभाव के कारण समाज में जो दुश्मनी का माहौल बन गया है, अब उसमें इसी तरह इंतिकाम यानी बदला लेने की घटनाएं हो रही हैं। तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के वेंगईवयाल गांव में एक झकझोरने वाला मामला सामने आया है। इस गांव के बच्चे पिछले कुछ दिनों से बीमार पड़ रहे थे। डाक्टर ने बीमारी का पता लगाने के लिए पानी की जांच करने कहा। गांव में जिस पानी की टंकी से आपूर्ति होती थी, उस पर चढ़कर देखा गया तो पानी पीला नजर आया। जांच के बाद पता चला कि लगभग 10 हजार लीटर वाली इस पानी टंकी में किसी ने बड़ी मात्रा में मानव मल डाल दिया, ताकि पानी दूषित हो जाए। यह अमानवीय कृत्य केवल इसलिए हुआ, क्योंकि वेंगईवयाल गांव आज भी दलित विरोधी मानसिकता से जकड़ा हुआ है। एक और चिंताजनक और हैरान करने वाली बात ये है कि यह खबर देते हुए कुछ लोगों ने अनुसूचित या दलित समुदाय के लिए बनी पानी टंकी लिखा है। हमने प्रेमचंद की कहानी ठाकुर का कुआं तो पढ़ी है, लेकिन आजादी के अमृतकाल में भी अगर दलितों की पानी टंकी पढ़ना पड़े, तो ये समझना कठिन नहीं है कि आजादी का अमृत केवल सवर्ण-संपन्न तबकों के लिए ही है। गरीब पहले भी गुलाम थे, अब भी उनके हालात गुलामों की तरह ही बदतर हैं। जिस गांव में दलितों के पानी पीने पर भी साजिश रची गई, वहां इस बात का भी खुलासा हुआ है कि यहां जातिगत भेदभाव हर जगह है। गांव में चाय की दुकान पर दलितों के लिए अलग गिलास रखे हुए हैं। दलितों का ये भी कहना है कि उन्हें तीन पीढ़ियों से मंदिर के भीतर प्रवेश की अनुमति नहीं है। पानी टंकी को मानव मल से दूषित करने की शिकायत के बाद जब यहां की जिलाधिकारी कविता रामू और पुलिस अधीक्षक वंदिता पांडे गांव में पहुंचीं, तब लोगों ने इन सारे भेदभाव की शिकायत की। बताया जा रहा है कि जिस चाय दुकान में दलितों के लिए अलग गिलास रखने का रिवाज था, उसके मालिक के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। दलितों को मंदिर में प्रवेश दिलवाने की पहल भी जिलाधिकारी ने की। उन्होंने कहा कि मंदिर के दरवाजे सभी के लिए खुले होने चाहिए और सभी को यहां दर्शन की अनुमति दी जानी चाहिए। भविष्य में ऐसी घटना ना हो इसके लिए यहां कैमरे लगाए जाएं। जिलाधिकारी दलित समुदाय के लोगों को मंदिर के अंदर ले गई। लेकिन खबरों के मुताबिक जिस समय जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक वहां पहुंचीं तो वहां पर पूजा चल रही थी, उसी दौरान कथित रूप से ऊंची जाति की एक महिला ने अपने शरीर में देवता के आने की बात कही और कहा कि नीची जाति के लोगों को मंदिर में प्रवेश नहीं करना चाहिए। अगर यह बात सही है तो फिर यह समझ लेना चाहिए कि जिलाधिकारी की इस स्वागतयोग्य पहल का कोई भविष्य नहीं है।

# सांस्कृतिक केंद्र के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केंद्र



अपने आईपीएस बेटे मनुमुक्त मानव की असमय मृत्यु उपरांत दुनिया-भर के युवाओं में मनु के अक्स को देखते हुए, उन्हें ट्रस्ट के माध्यम से पुरस्कार प्रदान कर, आगे बढ़ने के हेतु प्रेरित करते हैं ट्रस्टी कांता भारती और चीफ ट्रस्टी डॉ रामनिवास मानव। यह संभवतः दुनिया का एकमात्र ट्रस्ट है, जिसे बेटे की स्मृति में माता-पिता द्वारा संचालित किया जाता है और जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। ट्रस्ट की समाज हितैषी गतिविधियों के कारण नारनौल का मनुमुक्त भवन 2022 में पूरा वर्ष सांस्कृतिक केंद्र के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केंद्र बना रहा। इकलौते जवान आईपीएस बेटे मनुमुक्त की मृत्यु पिता और देश के प्रमुख साहित्यकार तथा शिक्षाविद् डॉ रामनिवास मानव् और माँ अर्थशास्त्र की पूर्व प्राध्यापिका डॉ कांता भारती के लिए किसी भयंकर वज्रपात से कम नहीं थी। ऐसी स्थिति में कोई भी दम्पत्ति टूटकर बिखर जाता, किंतु श्मानवश् दम्पत्ति ने, अद्भुत धैर्य का परिचय देते हुए, न केवल असहनीय पीड़ा को झेला, बल्कि अपने बेटे मनुमुक्त की स्मृतियों को सहेजने, सजाने और सजीव बनाए रखने के लिए भरसक प्रयास भी शुरू कर दिए। उन्होंने अपने जीवन की संपूर्ण जमापूंजी लगाकर मनुमुक्त मानव मेमोरियल ट्रस्ट का गठन किया और नारनौल (हरियाणा) में मनुमुक्त भवन का निर्माण कर उसमे लघु सभागार, संग्रहालय और पुस्तकालय की स्थापना की। विगत पांच वर्षों की भांति, वर्ष-2022 में भी, अपनी महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक गतिविधियों

> **उन्हें ट्रस्ट के माध्यम से पुरस्कार प्रदान कर, आगे बढ़ने के हेतु प्रेरित करते हैं ट्रस्टी कांता भारती और चीफट्रस्टी डॉ रामनिवास मानव। यह संभवतः दुनिया का एकमात्र ट्रस्ट है, जिसे बेटे की स्मृति में माता-पिता द्वारा संचालित किया जाता है और जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। ट्रस्ट की समाज हितैषी गतिविधियों के कारण नारनौल का मनुमुक्त भवन 2022 में पूरा वर्ष सांस्कृतिक केंद्र के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केंद्र बना रहा। इकलौते जवान आईपीएस बेटे मनुमुक्त की मृत्यु पिता और देश के प्रमुख साहित्यकार तथा शिक्षाविद् डॉ रामनिवास मानव् और माँ अर्थशास्त्र की पूर्व प्राध्यापिका डॉ कांता भारती के लिए किसी भयंकर वज्रपात से कम नहीं थी। ऐसी स्थिति में कोई भी दम्पत्ति टूटकर बिखर जाता**

के कारण मनुमुक्त मानव मेमोरियल ट्रस्ट पूरे वर्ष चर्चित रहा। वर्ष-2022 में ट्रस्ट द्वारा छोटे-बड़े कुल इक्कीस कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिनमें विश्व हिंदी-दिवस समारोह, अंतरराष्ट्रीय नागरी लिपि-सम्मेलन, अंतरराष्ट्रीय नव-संवत्सर समारोह, अंतर्राष्ट्रीय सेदोका-सम्मेलन, वैश्विक साहित्य-महोत्सव, अंतरराष्ट्रीय मातादीन-मूर्तिदेवी स्मृति-समारोह, अंतरराष्ट्रीय मनुमुक्त मानव स्मृति कवि-सम्मेलन, सर्वोत्तम एनसीसी कैडेट सम्मान-समारोह और श्अंतरराष्ट्रीर युवा सम्मान-समारोह के अतिरिक्त वैश्विट परिदृश्य में जैन धर्म की प्रासंगिकता, सनातन धर्म-संस्कृति का पुनरुत्थान तथा वैश्विक परिदृश्य में हिंदी की स्थिति जैसे विषयों पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय विचार-गोष्ठियां शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मनुमुक्त मानव 2012 बैच और हिमाचल कैडर के परम मेधावी और ऊर्जावान युवा पुलिस अधिकारी थे। 23 नवम्बर, 1983 को हिसार में जन्मे तथा पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से उच्च शिक्षा प्राप्त मनुमुक्त एनसीसी के सी सर्टिफिकेट सहित तमाम उपलब्धियां प्राप्त सिंघम अधिकारी थे। वह बहुत अच्छे चिंतक होने के साथ-साथ बहुमुखी कलाकार और सधे हुए फोटग्राफर थे, सेल्फी के तो वह मास्टर थे, तभी तो उनके सभी मित्र उनके मुरीद थे। समाज-सेवा के लिए वह बड़ी सोच रखते थे। वह छोटी-सी उम्र में अपने दादा-दादी कि स्मृति में अपने पैतृक गाँव तिगरा (मंडी अटेली) में एक स्वास्थ्य केंद्र और नारनौल में सिविल सर्विस अकादमी स्थापित करना चाहते थे। समाज के लिए उनके और भी बहुत सारे सुनहरे सपने थे, जिनको वह पूरा करने के बेहद करीब थे, किंतु उनकी असामयिक मृत्यु ने उन सब सपनों को ध्वस्त कर दिया। इस वर्ष भारत सहित दस देशों की विभिन्न क्षेत्रों की शताधिक प्रतिष्ठित विभूतियों ने ट्रस्ट के कार्यक्रमों में सहभागिता की, जिनमें नेपाल के त्रिलोचन ढकाल और डॉ पुष्करराज भट्ट (काठमांडू), डॉ कपिल लामिछाने (भैरहवा) तथा हरीशप्रसाद जोशी (महेंद्र नगर), जापान की डॉ रमा पूर्णिमा शर्मा (टोक्यो), न्यूजीलैंड के रोहितकुमार हैप्पी (ऑकलैंड), मॉरीशस की कल्पना लालजी (वाक्का) और अंजू घरभरन (मोका), रूस की श्वेतासिंह उमा (मास्को), जर्मनी की डॉ योजना शाह जैन (बर्लिन) तथा अमेरिका की डॉ कमला सिंह (सैंडियागो) के नाम उल्लेखनीय हैं। भारत से पधारी प्रमुख हस्तियों में ओमप्रकाश यादव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, हरियाणा सरकार, चंडीगढ़, अजय कुमार उपायुक्त, आईएएस, उपायुक्त, नूंह, डॉ लवलीन कौर, आईआरएस, आयकर उपायुक्त, रोहतक मंडल, रोहतक, डॉ जयकृष्ण आभीर, आईएएस, उपायुक्त जिला महेंद्रगढ़, नारनौल, डॉ उमाशंकर यादव, कुलपति, सिंघानिया विश्वविद्यालय, पचेरी बड़ी (राजस्थान), डॉ खेमसिंह डहेरिया, कुलपति, अटलबिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल (मध्य प्रदेश), डॉ जवाहर कर्णावट, निदेशक, हिंदी-भवन, भोपाल (मध्य प्रदेश), नारायण कुमार, मानद निदेशक, अंतरराष्ट्रीय संबंध परिषद्, नई दिल्ली प्रमुख रहे। डॉ नूतन पांडेय, नामित निदेशक, विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय दूतावास, रंगून (म्यांमार), डॉ दीपक पांडेय, सहायक निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, डॉ प्रेमचंद पतंजलि, अध्यक्ष, नागरी लिपि परिषद्, नई दिल्ली, डॉ शहाबुद्दीन शेख, कार्यकारी अध्यक्ष, नागरी लिपि परिषद्, अहमदनगर (महाराष्ट्र), डॉ हरिसिंह पाल, सदस्य, हिन्दी सलाहकार समिति, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, डीपीएस चौहान, आईपीएस, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक, ओडिशा, हामिद अख्तर, आईपीएस, उपमहानिरीक्षक, राज्य अपराध शाखा, पंचकूला, कर्नल आदित्य नेगी, कमांडिंग ऑफिसर,16वीं एनसीसी बटालियन, हरियाणा, रोहतक, विपिन शर्मा, राज्य नोडल अधिकारी, हरियाणा बाल-कल्याण समिति, चंडीगढ़, महिला सशक्तीकरण की पहचान युवा लेखिका प्रियंका सौरभ, सिवानी मंडी की उपस्थिति अहम रही। डॉ पुष्पा देवी, अध्यक्ष, हिंदी-विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक, डॉ भीमसिंह सुथार, प्राचार्य, श्रीश्याम स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, भादरा (राजस्थान), कृतीश कुमार, मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी, नारनौल, भारती सैनी और कमलेश सैनी, चेयरपर्सन, नगर परिषद्, नारनौल, अमित शर्मा, जिला समाज-कल्याण अधिकारी, नारनौल आदि के नाम भी इस सूची में शामिल हैं। डॉ पशुपतिनाथ उपाध्याय (अलीगढ़), डॉ कृष्णगोपाल मिश्र (होशंगाबाद), अविनाश शर्मा (जयपुर), विकेश निझावन (अंबाला) आदि साहित्यकारों के अतिरिक्त शिक्षाविद्, स्वतंत्र पत्रकार और कवि डॉ सत्यवान सौरभ (सिवानी मंडी), पर्वतारोही डॉ आशा झांझड़िया (रेवाड़ी), नेशनल यूथ अवार्डी अभिषेक (हिसार) और निहारिका (सोनीपत) ने भी इस वर्ष ट्रस्ट के कार्यक्रमों की शोभा बढ़ाई। डॉ एस अनुकृति, वरिष्ठ अर्थशास्त्री, विश्वबैंक, वाशिंगटन डीसी (अमेरिका), प्रो सिद्धार्थ रामलिंगम, कंसल्टेंट, बीसीजी, वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) और त्रिलोचन ढकाल, पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री, नेपाल सरकार, काठमांडू के नारनौल आगमन की भी खूब चर्चा हुई।

# फिर कफसिरप पर संशय

भारत में बने कप सिरप को लेकर एक बार फिर संशय के बादल गहरा गए हैं। उज्बेकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि भारत की कम्पनी मैरियन बायोटेक के कफ सिरप का इस्तेमाल करने से समरकंद शहर में 18 बच्चों की मौत हुई है। मैरियन बायोटेक को 2012 में उज्बेकिस्तान में पंजीकृत किया गया था और तब से ही उसकी दवाओं की बिक्री शुरू हो गई थी, लेकिन कम्पनी के सिरप पर 10 साल बाद सवाल उठ रहे हैं। कोई भी दवा बाजार में आने से पहले कड़े परीक्षण से गुजरती है। दवाओं को हर मानक से परखा जाता है। फिर भी भारतीय कम्पनी की दवा पर सवाल उठने से न केवल भारतीय दवा उद्योग की प्रतिष्ठा पर धक्का लगता है बल्कि देश की छवि भी प्रभावित होती है। इससे पहले अफ्रीकी देश गाम्बिया ने भी हरियाणा के सोनीपत की कम्पनी द्वारा तैयार कफ सिरप से लगभग 70 बच्चों की मौत का दावा किया था। तब इस मुद्दे पर तूफान खड़ा हो गया था। आनन-फानन में संयुक्त राष्ट्र की संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने हरियाणा की दवा कम्पनी पर गम्भीर दोष मढ़ दिए थे। भारत विरोधी पश्चिमी मीडिया ने इस खबर को हैडलाइन्स में छापा था। डब्ल्यूएचओ ने दुनिया के तमाम देशों में भारतीय कफसिरप की बिक्री पर रोक लगाने की सलाह दी थी। केन्द्र सरकार के औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने हरियाणा की दवा नियंत्रणघ्एजैंसी के सहयोग से मामले की जांच शुरू कर दी थी। कप सिरप की जांच

> **मैरियन बायोटेक को 2012 में उज्बेकिस्तान में पंजीकृत किया गया था और तब से ही उसकी दवाओं की बिक्री शुरू हो गई थी, लेकिन कम्पनी के सिरप पर 10 साल बाद सवाल उठ रहे हैं। कोई भी दवा बाजार में आने से पहले कड़े परीक्षण से गुजरती है। दवाओं को हर मानक से परखा जाता है। फिर भी भारतीय कम्पनी की दवा पर सवाल उठने से न केवल भारतीय दवा उद्योग की प्रतिष्ठा पर धक्का लगता है बल्कि देश की छवि भी प्रभावित होती है। इससे पहले अफ्रीकी देश गाम्बिया ने भी हरियाणा के सोनीपत की कम्पनी द्वारा तैयार कफसिरप से लगभग 70 बच्चों की मौत का दावा किया था। तब इस मुद्दे पर तूफान खड़ा हो गया था।**

के बाद तथ्य कुछ और ही निकले और सरकार ने दवाओं को किसी भी तरह से हानिकारक न बताते हुए कम्पनी को क्लीन चिट दे दी। भारत सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा कि गाम्बिया में बच्चों की मौत का भारतीय कम्पनी के सिरप से कोई संबंध नहीं है। बिना किसी ठोस आधार के बेतुके आरोप लगाने पर डब्ल्यूएचओ को आड़े




हाथों लिया। बाद में गाम्बिया ने भी बच्चों की मौत के मामले में यू टर्न ले लिया। उसका कहना था कि दरअसल बच्चों की मौत गुर्दे में समस्या की वजह से हुई थी। इनमें से 66 बच्चों को ई-कोलई और डायरिया की समस्या थी। ऐसे में उन्हें कफसिरप देना ही गलत था। भारत सरकार ने डब्ल्यूएचओ को कड़े शब्दों में पत्र लिखकर इस बात पर नाराजगी जताई कि उसने आनन-फानन में बिना जांच किए भारतीय कफसिरप को निशाना बनाया और भारत की छवि को बदनाम करने का प्रयास किया। इस संबंध में भी पूरी जांच-पड़ताल की जाएगी, तब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। डब्ल्यूएचओ की भूमिका पर सवाल उठते रहे हैं।

निस्संदेह दुनिया की प्रतिष्ठित संस्था की इस तरह की गैर-जिम्मेदार बयानबाजी दुर्भाग्यपूर्ण है। क्या इसके मूल में भारत विरोधी ताकतों की साजिशथ्थी? यदि हां तो उसकी जांच की जानी चाहिए। हाल के वर्षों में अफ्रीका व गरीब मुल्कों में भारतीय दवा कम्पनियों की अच्छी पहचान बनी है। एक तो दवाएं सस्ती हैं, वहीं कारगर भी। इस लोकप्रियता से बौखलाई भारत विरोधी ताकतों ने गाम्बिया की घटना के जरिये भारत को बदनाम करने का प्रयास किया। दरअसल पश्चिमी देशों की महाकाय दवा निर्माता कम्पनियां विकासशील देशों में अपने कारोबार को मिलने वाली किसी भी चुनौती केघ्ध् खिलाफ ऐसी साजिशें रचती रहती हैं। जिनसे भारत को सावधान रहने की जरूरत है। लेकिन सबसे ज्यादा चिंता की बात तो विश्व स्वास्थ्य संगठन की भूमिका को लेकर है, जिसने बिना किसी जांच के आरोप भारतीय दवा कम्पनी पर लगा दिए। सर्वविदित है कि पूरे कोरोना संकट के दौरान डब्ल्यूएचओ पूरी तरह से नाकाम हुआ। वह कोरोना वायरस के मूल स्रोत का पता नहीं लगा सका। कहा तो यहां तक गया कि इसके प्रमुख की नियुक्ति में चीन की भूमिका रही, जिसके चलते प्रमुख ने कोरोना संकट के बाद दुनिया के निशाने पर आए चीन का बचाव किया। निस्संदेह अपनी तमाम नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए यह संगठन बेतुकी बयानबाजी का सहारा ले रहा है।

कोरोना महामारी के दौरान भारत ने स्वदेशी वैक्सीन तैयार कर पूरी दुनिया की मदद की थी। भारतीय वैक्सीन को न केवल पड़ोसी देशों को बल्कि दूर दराज के देशों तक पहुंचाया गया। अनेक देशों को जीवन रक्षक उपकरण भी दिए गए। तब भी डब्ल्यूएचओ ने भारतीय वैक्सीन को मान्यता देने में जानबूझ कर घ्विलम्ब किया था। भारत निर्मित कोरोना वैक्सीन ने गरीब व विकासशील देशों में महामारी से लड़ने में नई आशाएं जगाई थीं, जिससे दुनिया भर के देशों के साथ भारत के संबंध काफी मधुर हो गए थे। भारत अब मैडिकल हब बन चुका है। भारतीय दवाओं का कारोबार अब काफी बढ़ चुका है। ऐसे में भारतीय दवाओं पर सवाल उठना काफी दुखदायी है।

# आलेख

## संघर्ष और आत्मनिर्भरता, अदम्य जिजीविषा की परिणति

पराधीन सपने हूं सुख नाहीष्यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बढ़ने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि ष्एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहींष्,पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

> आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफमुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है।

आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी। हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी ष्दैव दैव आलसीष् पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है। दूसरों पर निर्भर होने से हमें के अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है। पराधीनता हमारा आत्मविश्वास सृजनशीलता सोचने की शक्ति को नष्ट कर देती है। गुलामी एक अभिशाप होती है, आत्मनिर्भरता की कमी हमें किंकर्तव्यविमूढ़ बना देती है।

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** बुद्धिमत्ता द्वारा हर दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद संभव।

**बृषभः-** अपनी भावुकता पर नियंतण्ररखें। हर रिश्ते में स्वयं के अनुकूल अपेक्षाएं नहीं रखें। माता के स्वास्य के प्रति कुछ अनूठी चिंताएं रहेंगी। व्यावसायिक योजनाएं फलीभूत होती नजर आएंगी।

**मिथुनः-** भविष्य संबंधित कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं किंतु कुछ अच्छे आसारों से मन में प्रसन्नता संभव। रोजगार में अच्छे लाभ के आसार हैं। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**कर्कः-** बीती बातों को भूल वर्तमान के साथ जीना सीखें। भौतिक-सुख साधन में व्यय के आसार हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं मन को प्रसन्न रखेंगी। आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा संबंधों में प्रभावी बनेंगे।

**सिंहः-** घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु केंद्रित होंगे। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। मन में कुछ नयी इच्छाएं बलवती होंगी। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी।

**कन्याः-** भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। सगे-संबंधों में व्यवहार कुशल बनने का प्रयास करें। कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। परिवार में खुशहाली भरा माहौल होगा।

**तुलाः-** दुविधाओं को त्याग सही एवं स्वच्छ योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करें। भावना प्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है। भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी। आवेश व उच्छृंखलता पर नियंतण्ररखें।


**वृश्चिकः-** निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां मन में आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। बिद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

**धनुः-** दूसरों की सफलता को देख अपने अंदर हीनता न आने दे। बाहर वालों को समय देने से अच्छा है कि घर में समय देने की चेष्ठा करें। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। आलस्य बिल्कुल न करें।


**मकरः-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कायरें की समयानुकूल पूर्ति हेतु सक्षम होंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभः-** किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित साधन-व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। किसी पुराने संबंधी से निकटता बढ़ेगी।

**मीनः-** राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें। नई सकारात्म सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे। परिवार में खुशहाली रहेगी।




## आज का सुविचार



## संक्षिप्त समाचार

### किसान ने की आत्महत्या,कर्ज से था परेशान

**बांदा।** बुंदेलखंड के बांदा में कर्ज और मर्ज से परेशान किसानों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला बांदा के जसपुरा थाना क्षेत्र के रामपुर के पतारी हार का है। जहां एक 65 साल के वृद्ध ने बीमारी व कर्ज से परेशान होकर राजकीय बोरवेल में कूदकर जान दे दी। फायर ब्रिगेड द्वारा बोरवेल से शव को निकालने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन शव नहीं निकल पाया। अब इसके लिए पुलिस ने एनडीआरएफऔर एसडीआरएफकी टीम को बुलाया गया है। किसान के बड़े भाई देवीलाल ने बताया, उसका छोटा भाई रामप्रसाद (65) मंगलवार की शाम लगभग 7 बजे घर से अपने 5 बीघे खेतों में बोई गई मटर और गेंहू की फसल की रखवाली करने के लिए कह कर निकला हुआ था। इसके बाद जब रात में नहीं पहुंचा तो घर में मौजूद उसकी बहू रीता ने पड़ोसियों सहित सभी रिश्तेदारों को जानकारी दी। लेकिन उसकी कोई भी जानकारी नहीं मिल पाई थी। दूसरे दिन शाम को लगभग 5 बजे 15 साल से ध्वस्त पड़े राजकीय नलकूप के पास खेत मालिक टीरवा ने किसी के कपड़े, लाठी और तम्बाकू की चिनवटी रखी देखी। यह बताने पर सुनकर पड़ोसी गया प्रसाद और कई किसान राजकीय नलकूप में देखने गए। वहां देखा कि कपड़े और अन्य सामान रामप्रसाद के ही थे। राजकीय नलकूप में उसके हाथों के निशान दिखाई दिए। इस पर गया प्रसाद, रामपाल और अन्य लोगों ने तुरंत ही मृतक के बड़े भाई रामकिशन को फोन से सूचना दी। भाई ने तुरंत ही मृतक के लड़के रामसजीवन को फोन से ही अवगत करवाया जो मजदूरी करने के लिए मध्यप्रदेश के बैतूल शहर में गया हुआ था। इसके बाद मृतक के बड़े भाई रामकिशन ने पुलिस को सूचना दी। बड़े भाई रामकिशन ने बताया कि छोटे भाई ने एक लाख का कर्ज गांव के ही आर्यावर्त बैंक से कई साल पहले लिया था। जिससे वह परेशान था राजकीय नलकूप में आकर देखा तो कपड़े सहित सभी अन्य सामान पड़े मिले।

### घर में घुसकर तमंचा की नोक पर किशोरी को धमकाया

**बांदा।** बदौसा थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने नंदगांव निवासी रोहित यादव पुत्र गुलाब यादव के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी कि 26 दिसंबर को वह रिश्तेदार के घर गई थी। घर पर सास और दो बेटियां थीं। देर शाम रोहित तमंचा लेकर घर में घुसा और बड़ी बेटी से गालीगलौज करते हुए अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी दी। बेटी ने किसी तरह दादी के पीछे छिपकर जान बचाई। पीड़िता ने बताया कि यह भी बताया कि स्कूल जाते समय भी बेटी को आरोपी आए दिन परेशान करता है। थाना प्रभारी ने घटना की जांच कर आरोपी के खिलाफकड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### ट्रक और डीसीएम की भिड़ंत,हादसे में डीसीएम चालक की मौत

**बस्ती।** जिले के लुबिनी दुद्धी मार्ग के टांडा पुल पर शुक्रवार को दिन में ट्रक और डीसीएम की आमने सामने भिडंत में डीसीएम चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए, इसके कारण करीब 4 घंटे तक इस मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। घटना की सूचना पर मौके पर कलवारी और अलीगंज थाना की पुलिस पहुंची। काफी मशक्कत बाद डीसीएम चालक के शव को गैस कटर से काटकर बाहर निकलवाने में सफलता मिली। इसके बाद हाइड्रा से क्षतिग्रस्त डीसीएम को पुल पर से बाहर हटवाया गया, तब जाकर यातायात बहाल हुआ। जानकारी के अनुसार कलवारी से अम्बेडकर नगर जा रही ट्रक टांडा पर पहुंची थी कि तभी सामने से हरा मटर लादकर जबलपुर से बस्ती जा रही डीसीएम से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त रही कि डीसीएम चालक प्रयागराज जिले के धुमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा निवासी रवीन्द्र गौतम (22) की मौके पर ही मौत हो गई। वह डीसीएम में ही फंसा रह गया। इस हादसे के बाद पुल पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। हादसे की सूचना बाद मौके प्रभारी थानाध्यक्ष कलवारी द्वारिका प्रसाद, चौकी इंचार्ज माझाखुर्द पवन मौर्य, अम्बेडकर नगर जिले के अलीगंज थाने के निरीक्षक राम उग्रह कुशवाहा, उपनिरीक्षक शरीफखान पहुंचे। गैस कटर के सहयोग से डीसीएम चालक के शव को किसी तरह क्षतिग्रस्त डीसीएम से बाहर निकलवाया। हाइड्रा के माध्ध्यम से डीसीएम को पुल से हटवाकर यातायात बहाल करवाया। इस दौरान राहगीरों को आवागमन की दुश्ध्वारियों का सामना करना पड़ा। कलवारी एसओ ने बताया कि चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया कि क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर आवागमन सुचारू कराया गया।

### एक टॉयलेट में लगा दी 4 सीटें, दरवाजा न पार्टीशन, अधिकारी बोले-बच्चों के लिए बनाया है

**बस्ती।** बस्ती में एक बार फिर अजीबो-गरीब टॉयलेट बनाया गया है। यहां एक टॉयलेट में 4 सीटें लगा दी गई हैं। यही नहीं, इसमें कोई दरवाजा भी नहीं लगाया गया है। न ही किसी तरह का पार्टीशन किया गया है। मामला रूधौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत धंसा का है। इससे पहले बस्ती के ही कुदरहा ब्लॉक के गौरा धुंधा में 2 सीट वाले सामुदायिक टॉयलेट का मामला चर्चा में था। मामला सामने आने के बाद एडीओ का कहना है कि यह टॉयलेट बच्चों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। ताकि कई बच्चे एक साथ बैठ सकें और उनके साथ कोई अप्रिय घटना न होने पाए। एक साथ बिना पार्टीशन के चार टॉयलेट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अधिकारी भी सक्रिय हो गए। तुरंत बचाव की स्थिति में आते हुए एडीओ पंचायत शैलेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि इसमें पार्टीशन के लिए आधी-आधी दीवार लगाने का निर्देश दिया गया है। हालांकि, वह इस बात का जवाब नहीं दे सके कि जब टॉयलेट 5 महीने से तैयार है तो अभी तक पार्टीशन क्यों नहीं लगा? एडीओ पंचायत शैलेंद्र त्रिपाठी से जब इस टॉयलेट का नक्शा मांगा गया तो टाल गए। मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम रूधौली आनंद श्रीनेत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बीडीओसे इस पर नाराजगी जताई। इस तरह का सामुदायिक टॉयलेट बनवाने के संदर्भ में उनसे शासनादेश तलब किया। सामुदायिक शौचालय को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। यही नहीं सामुदायिक टॉयलेट को बनवाने में कितना खर्च हुआ यह भी वह नहीं बता पाए। हालांकि, अभी तक टॉयलेट यूज में नहीं है। सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि इसकी जांच कराने के लिएडीपीआरओ से कहा गया है। जो भी कमियां है, उसे दुरुस्त कराया जाएगा। गाइड लाइन देखने के बाद ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि इससे पहले बस्ती के ही कुदरहा ब्लॉक के गौरा धुंधा में एक ही कमरे में 2 टॉयलेट सीट लगवाने का मामला सामने आया था। संज्ञान में आने के बाद डीपीआरओ नमिता शरण ने खुद जांच की थी। मामले मेंडीपीआरओ ने वर्तमान सचिव पूनम श्रीवास्तव और डीडीओ ने पूर्व सचिव नीरज कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। अधिकारियों ने बताया था कि यह सामुदायिक शौचालय भी तीन से चार महीने पहले ही तैयार किया गया था। इसका बजट भी 10 लाख रुपए था। फिलहाल, इस मामले के संज्ञान में आने के एक हफ्ते बाद यह दूसरा मामला बस्ती से सामने आ गया है।

### विधवा महिला से दुष्कर्म,गर्भपात भी करवाया, किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी विधवा महिला को मदद करने का आश्वासन देकर आधार कार्ड और फोटो लेकर घर बुलाया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान महिला गर्भवती हो गई। आरोपी ने महिला को दवा खिलाकर उसका गर्भपात करवा दिया। आरोपी ने महिला को किसी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बलात्कार, जानमाल की धमकी देने सहित अन्य धाराओं के तहत दुष्कर्म के आरोपी सहित उसके मां, बाप के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता के पति की मृत्यु हो चुकी है। उसका आरोप है कि पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के दक्षिण दरवाजा रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक स्कूल के पीछे रहने वाले बृजेश ने उसकी मदद करने का आश्वासन दिया। उसका विधवा पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कहकर उसे आधार कार्ड और फोटो लेकर अपने घर बुलाया। जब वह उसके घर पहुंची उस समय आरोपी घर पर अकेला था। आरोपी ने उसके पुत्र की हत्या की धमकी देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसने विरोध किया तो उसे शादी का झांसा दिया। इसके बाद आरोपी उसका शारीरिक शोषण करने लगा। धोखे से उसने 3 लाख रूपए भी उससे ले लिए। इस बीच वह प्रेग्नेंट हो गई, जब इस बात की जानकारी आरोपी को हुई तो उसने उसके गर्भ में पल रहे करीब ढाई माह के शिशु को उसे धोखे से दवा खिला दिया,जिससे उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। अपने को बचाने के लिए आरोपी ने फर्जी कागजात तैयार कर लिया। पीडिता का आरोप है कि इस बात की जानकारी जब आरोपी के माता, पिता को हुई तो वे भी बेटे को बचाने में जुट गए और उसे कहीं जुबान खोलने पर जानमाल की धमकी दी। पुरानी बस्ती पुलिस ने बताया कि मामले में पीडिता की तहरीर पर आरोपी और उसके माता, पिता के खिलाफदुष्कर्म, जानमाल की धमकी देने, धोखाधडी, अवैध गर्भपात कराने और साजिश की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बच्चों-महिलाओं से गंदे काम पर 36 को फांसी की सजा

**संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी पुलिस ने 2022 में अपराधियों की कमर तोड़ दी। इसी का नतीजा रहा पिछले सालों के मुकाबले क्राइम रेट कम हुआ। पुलिस ने बच्चों और महिलाओं से गलत काम करने वाले 36 अपराधियों को कोर्ट से फांसी की सजा दिलवाई। जबकि 1296 को उम्रकैद और 4939 को 10 साल तक की सजा हुई है। इतना ही नहीं, खौफ बनाने वाले 8 अपराधियों को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर 26 सौ करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त की। साथ ही दो माफियाओं को उम्रकैद और दो की फांसी की सजा दिलाई। एनसीआरबी के आंकड़ों की बात करें, तो यूपी में 59.1 परसेंट मामलों में सजा सुनाई गई है। पॉक्सो अधिनियम तथा महिला अपराध के तहत 2273 अपराधियों को सजा मिली है। प्रदेश सरकार की मानें तो प्रति एक लाख जनसंख्या के आधार पर क्राइम रेट 154.5 है, जो देश में दूसरे राज्यों के मुकाबले काफी कम है। यानी अपराध के मामले में यूपी 23वें नंबर पर है। वहीं महिलाओं के खिलाफ कुल अपराध में यूपी 16वें नंबर पर है। पुलिस ने माफिया गैंग के 896 सहयोगियों के खिलाफ 396 से अधिक मुकदमे दर्ज कर 431 से ज्यादा अपराधियों को गिरफ्तार किया। 178 पर गुंडा एक्ट, गैंगेस्टर में 884 और 13 आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की। प्रदेश स्तर पर चिह्नित 62 माफिया की अवैध रूप से कमाई गई 2600 करोड़ से अधिक की संपत्ति को जब्त और ध्वस्त किया। उनके 310 से अधिक शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए। थाना स्तर पर 16158 टॉप टेन अपराधियों का को चिह्नित कर 83,721 मुकदमे दर्ज कर उनकी 648 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। यूपी पुलिस, अभियोजन और शासन के आपसी तालमेल से कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर पूरे देश में सर्वाधिक माफिया और अपराधियों को सजा दिलाई गई। इसका ही नतीजा है कि 36 माफिया और उनके शागिर्दों को आजीवन कारावास और दो को फांसी की सजा दिलाई। कोर्ट ने माफिया मुख्तार को तीन माह के अंदर तीन बार सजा सुनाई। जिसमें 21 सितंबर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंड पीठ ने साल 2003 में जेलर एसके अवस्थी को धमकाने के एक मामले में सजा सुनाई थी। 23 सितंबर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने 1999 में दर्ज हुए गैंगेस्टर एक्ट के मामले में उसे पांच साल की सजा सुनाई थी। इतना ही नहीं 15 दिसंबर को गाजीपुर की एमएलए कोर्ट ने गैंगस्टर के पांच मामलों में माफिया मुख्तार और उसके सहयोगी भीम सिंह को 10 साल की सजा सुनाई गई। प्रदेश में ड्रग माफिया और अवैध नशे के सौदागरों की कमर तोड़ने के लिए पहली बार एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) का गठन किया गया। पहले चरण में दो थानों गाजीपुर और बाराबंकी में एएनटीएफ थाना खोला गया और तीन क्षेत्रीय शाखा मेरठ, लखनऊ और गोरखपुर जोन की स्थापना की गई है। ड्रग माफिया के खिलाफ 24 अगस्त से आठ सितंबर तक चले अभियान में पुलिस ने 2833 संदिग्ध आरोपियों को चिह्नित कर 2479 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की और 2277 मुकदमे दर्ज किए। इन आरोपियों से पुलिस ने 39 करोड़ 68 लाख रुपए की बरामदगी की। गैंगेस्टर अधिनियम के तहत 358 आरोपियों के खिलाफ 110 मुकदमे दर्ज किए गए और 35 करोड़ 14 लाख की संपत्ति जब्त की। साथ ही कोर्ट में पैरवी कर 188 आरोपियों को सजा दिलाई।

वहीं पुलिस ने अवैध और जहरीली शराब के खिलाफ चले अभियान में 11,157 आरोपियों के खिलाफ 10,821 मुकदमे दर्ज किए और 11 करोड़ 16 लाख रुपए से अधिक की बरामदगी की है। इसके अलावा गैंगेस्टर अधिनियम के तहत 319 आरोपियों के खिलाफ 101 मुकदमे दर्ज किए हैं। कोर्ट में पैरवी कर 164 अपराधियों को सजा दिलाई गई है। गैंगेस्टर अधिनियम के तहत करीब 20 करोड़ रुपए की अवैध सम्पत्ति जब्त की गई है। आबकारी अधिनियम के तहत 406 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

**अभियान**

- » 2022 में यूपी पुलिस ने 8 अपराधियों को किया एनकाउंटर, 2600 करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त
- » पिछले सालों के मुकाबले क्राइम रेट कम हुआ
- » 1296 को उम्रकैद और 4939 को 10 साल तक की सजा हुई

## समिट के सामने हाईवोल्टेज ड्रामा, कहासुनी के बाद किन्नर ने बीच सड़क पर उतारे कपड़े

**संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी में समिट बिल्डिंग के सामने हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ। यहां किसी बात पर दो किन्नरों में आपस में बहस हो गई। यह बहस, मारपीट और फिर अश्लीलता तक पहुंच गई। दोनों ने एक-दूसरे पर थप्पड़ बरसाए। गुस्से में एक ने कपड़े उतार लिए। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। राजधानी के पॉश इलाके में ऐसा ड्रामा देखकर आसपास के लोग सहम गए। राह चलती लड़कियां-महिलाएं वहां से भागने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वहां पुलिसकर्मी भी खड़े थे, लेकिन उन्होंने भी रोकने की जहमत नहीं उठाई। करीब 20-25 मिनट तक यह ड्रामा सड़क के बीचों-बीच चलता रहा। जो वीडियो सामने आया है उसमें नजर आ रहा है कि दो किन्नरों में बहस हो रही है। एक युवक उनको समझाने का प्रयास कर रहा है। इसी बीच, एक किन्नर दौड़ते हुए बीच सड़क पर पहुंच जाती है। वह अपने सारे कपड़े उतार देती है। इसके बाद दोनों किन्नर एक-दूसरे का बाल पकड़कर मारने-पीटने लगते हैं। तीसरी किन्नर बीच बचाव की जगह मारपीट में शामिल हो जाती है। ये देखकर लोगों की भीड़ तो जमा हो जाती है, लेकिन कोई भी उनको रोकने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो ये तीनों किन्नर समिट के बाहर ही घूम-घूमकर ग्राहकों का इंतजार कर रही थी। इसी बीच, ग्राहक के साथ जाने को लेकर उनमें आपस में झगड़ा हो गया। लोगों ने बताया कि सभी किन्नर शराब के नशे में थीं। हालांकि, आधे घंटे बाद दूसरे किन्नरों ने बीच बचाव कर सभी को घर भेजा। समिट बिल्डिंग के पास रहने वाले लोग भी इस पूरी घटना में सहम गए। उनका कहना है कि इस तरह की हरकत में किसी भी दिन बड़ी घटना हो सकती है। कई बार पुलिस को कंप्लेंट की, लेकिन उनका कोई रिस्पांस नहीं आता है।

## दिल के दौरे के कारण मृत्यु दर में कमी लाने के लिए अधिक उम्र के लोगों में अतिरिक्त देखभाल जरूरी: डॉ. बलबीर

**संवाददाता**

**लखनऊ।** जैसे ही हम 2023 की भोर में पहुंचते हैं और पिछले साल हृदय रोगियों की देखभाल और प्रगति को पीछे जाकर देखने की कोशिश करते हैं, हमें देश में हृदय रोगियों की बढ़ती संख्या का एहसास होता है। हम इस आबादी में हाई रिस्क और अधिक मृत्यु दर को भी समझते हैं। इसका मतलब है कि हमें कार्डियोलॉजिस्ट के तौर पर अधिक अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी, कमियों को दूर करना होगा और अधिक तकनीकी कौशल सीखना होगा और अधिक लोगों का जीवन बचाना होगा। मरीजों के लिए ये अच्छी खबर है कि डाक्टर नई और सुरक्षित प्रक्रिया अपना रहे है और डॉक्टर्स ये महसूस करते हैं कि उनकी ये कोशिश और अधिक स्किल्स के साथ और अधिक लोगों का जीवन बचाएं। इसी को लेकर मैक्स



हॉस्पिटल, साकेत के चेयरमैन-कार्डियोलॉजी (पैन मैक्स) डॉ.बलबीर सिंह ने पत्रकारों को संबोधित किया। मैक्स हॉस्पिटल साकेत में जो नई तकनीक अपनाई गई है और अतिरिक्त लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, उनमें मित्रा क्लिप, क्रायोब्लेशन और खतरनाक कार्डियक रिदम की रिमोट मॉनिटरिंग का उपयोग। इन सभी नई थेरेपी के लिए अग्रणी अन्वेषक होने के नाते कई ऐसे रोगी लाभान्वित हो रहे हैं, जिनका उपचार नहीं किया जा सकता था। पहला क्रायोब्लेशन पिछले साल नवंबर महीने में एक एट्रियल फिब्रिलेशन वाले मरीज में किया गया था और करीब एक साल तक फॉलोअप में मरीज एसिम्टोमैटिक है। डॉ.बलबीर ने आगे कहा, कार्डियोलॉजिस्ट्स के लिए अधिक उम्र की आबादी में गुर्दे, फेफड़े, सेरेब्रोवास्कुलर और कमजोरी जैसी को-मॉर्बिडिटी से निपटना बड़ी चुनौती है जो इन्हें कार्डियक सर्जरी के लिए अधिक संवेदनशील बनाती है। लेकिन नवीनतम अविष्कार जो इन चिंताओं से निर्देशित हैं, प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित और सफल बनाने के लिए मिनिमली इनवेसिव इंटरवेंशन पर जोर देते हैं। हार्डवेयर के अलावा परक्यूटीनियस इंटरवेंशन (पीसीआई) में आंशिक या पूरी तरह से अवशोषित करने योग्य स्टेंट प्लेटफॉर्म पर जोर दिया जाता है। वे स्टेंट से जुड़ी घटनाएं कम करने और संभावित रूप से डुअल एंटीप्लेटलेट थेरेपी की समयावधि में कमी लाने की परिकल्पना कर रहे हैं। ऐसा अक्सर देखने में आया है कि कई मामलों में लोगों को अपने जीवनशैली विकल्प से जुड़ी समस्याएं पता थीं, इसके बावजूद उन्होंने वैसा करना जारी रखा। उम्र से हटकर समस्या के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार अनियमित नींद चक्र, खानपान की गलत आदत, तनाव, हाइपरटेंशन, प्रदूषण, हाई कोलेस्ट्रॉल, तंबाकू, शराब और भी बहुत कुछ हैं।

## परिवहन विभाग में 5 लोगों को नौकरी से निकाला, ड्यूटी से बिना बताए गायब थे

**संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी परिवहन निगम ने पांच संविदा कर्मचारियों को बाहर कर दिया है। उनको नौकरी से बर्खास्त कर किया गया है। इनमें चार कंडक्टर और एक ड्राइवर शामिल है। नौकरी मिलने के बाद ये गायब बताए गए थे। इसकी वजह से लखनऊ परिक्षेत्र के अवध बस डिपो में तैनात एक कंडक्टर और चार ड्राइवर को नौकरी से निकाल दिया गया। अवध डिपो के एआरएम गोपाल दयाल ने बताया कि सभी संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है। यह लोग बिना बताए ड्यूटी से गायब हुए थे। नई तैनाती स्थल पर ज्वाइन नहीं करना और यात्रियों से दुर्व्यवहार करने के मामले में क्षेत्रीय प्रबंधक के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग में तैनात परिचालक उमेश कुमार,चालक राजन कुमार, सूरज पाल सिंह, जयचंद, दीपक पाठक पर काम में लापरवाही बरतने और आदेशों का पालन नहीं करने के आरोप में संविदा समाप्त करते हुए नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। परिवहन विभाग एक लोड वाले क्षेत्र में बसों की संख्या कम करेगा। इससे की मुनाफा बढ़े और घाटा कम हो। जहां पर लोड ज्यादा है, वहां पर बसों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। मंत्री दयाशंकर सिंह ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में इसके निर्देश दिए हैं। यात्रियों की डिमांड को देखते हुए जल्द ही चित्रकूट और कौशांबी डिपो से बसों का संचालन शुरू कराया जाए। डाक विभाग के रेल मेल सेवा (आरएमएस) पर करीब 20 करोड़ रुपए किराए का बकाया है। उत्तर रेलवे प्रशासन इस बकाए भुगतान के लिए जुट गया है। इससे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के कार्य किए जाएंगे। पहले यह भुगतान 40 करोड़ रुपए के आस-पास था।

**बर्खास्त**

- » लखनऊ परिक्षेत्र के अवध बस डिपो में तैनात एक कंडक्टर और चार ड्राइवर को नौकरी से निकाल दिया गया
- » संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया गया

## बाल अपराधों की रोकथाम की मासिक बैठक सम्पन्न

**बाँदा।** पुलिस अधीक्षक बाँदा अभिनंदन के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक बाँदा लक्ष्मी निवास मिश्र के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी जियाउद्दीन अहमद की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार बाँदा में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के तत्वाधान में मासिक समीक्षा बैठक आज की गयी। जिसमें बालश्रम पर प्रभावी रोकथाम लगाये जाने, बाल विवाह पर रोक लगाये जाने तथा किशोर न्याय संरक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा इस संबंध में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों को चलाये जाने तथा इसका व्यापक प्रचार प्रसार करने के संबंध में भी चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी, बाल कल्याण अधिकारी, कर्मचारीगण एवं प्रभारी एएचटीयू आदि उपस्थित रहे।

## सिलेंडर से भरी लोडर खंती में पलटी, लोडर से फंसे 3 घायलों को राहगीरों की मदद से निकाला गया

**उरई/जालौन।** जालौन में गुरुवार की देर रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां सिलेंडर से भरी एक लोडर अनियंत्रित होकर खंती में जा पलटी। जिससे उसमें सवार 3 लोग घायल हो गये। साथ ही लोडर से सिलेंडर बाहर निकल कर फैल गए। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिन्होंने लोडर में फंसे घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।साथ ही क्रेन की मदद से लोडर को बाहर निकालवाया। यह हादसा बंगरा रोड स्थित छैरूपुला के पास हुआ। जहां बंगरा में स्थित भाटिया गैस एजेंसी की एक लोडर गाड़ी, जिसमें एजेंसी में कार्यरत 3 कर्मचारी जालौन से सिलेंडर लेकर बंगरा एजेंसी जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी जालौन बंगरा रोड़ पर बने छैरूपुला के पास पहुंचे, तभी चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिस कारण अनियंत्रित होकर सिलेंडर सहित लोडर सड़क किनारे खंती में जा पलटी। जिससे लोडर में सवार गैस एजेंसी के तीन कर्मचारी घायल हो गये। सिलेंडर भरी लोडर को खंती में पलटते देख वहां से निकलने वाले राहगीरों दहशत में आ गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से लोडर से फंसे तीनों घायलों को बाहर निकाला और उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में भर्ती कराया।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, शिनाख्त जारी

**उरई/जालौन।** जालौन में रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव मिला है। शव को रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई। शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुटी है। जिससे उसकी शिनाख्त कर परिजनों को अवगत कराया जा सके। युवक का शव कालपी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कांशी राम कॉलोनी रेलवे ट्रैक पर मिला है। जहां सुबह के समय कुछ युवक रेलवे ट्रैक से निकल रहे थे। तभी उन्होंने युवक को ट्रैक किनारे पड़ा देखा। वह मौके पर पहुंचे। जिसको मृतक देखते हुए तत्काल इसकी सूचना कालपी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कालपी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जिन्होंने शव को देखते हुए उसकी शिनाख्त आसपास के लोगों से कराने की कोशिश की।

## किसान के घर बदमाशों ने की लूट, मकान मालिक की हुई भिड़ंत

**उरई/जालौन।** जालौन में बदमाशों ने किसान के घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सामान पटकने की आवाज सुनकर किसान जाग गया और चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो चोरों को पकड़ लिया। जिस पर किसान के साथ चोरों के दो साथी ने पीछे से हमला कर मरणासन्न करते हुये घर में रखी लाखों की नगदी व जेवरात लेकर फायरिंग करते हुए भाग गए। इस दौरान एक ग्रामीण को भी गोली लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। घटना डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोरन की है। यहां के रहने वाले माधव प्रसाद राजपूत पुत्र गौरीशंकर राजपूत इस इलाके के संपन्न किसानों में है। इनके घर पर गुरुवार देर रात को बदमाशों ने धावा बोल दिया और घर में सामान उठाकर ले जाने लगे। रात में सोते वक्त माधव को बक्से की उठा पटक की आवाज सुनाई दी। जिससे वह जाग गए और उन्होंने घर के अन्य कमरों में जाकर देखा। जहां बदमाश चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे। इस घटना को देख उन्होंने बहादुरी दिखाते हुए दो बदमाशों को पकड़ लिया। शोर मचाना शुरू कर दिया यह शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग जाग गए। इसी दौरान चोरों के दो अन्य साथियों ने पीछे से माधव के ऊपर हमला बोल दिया और उसे मरणासन्न करते हुए सामान ले जा कर भागने लगे। आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाले भारत प्रजापति पुत्र राम चरण बाहर आ गए। उन्हें देख बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जिससे एक गोली भारत को लग गई और वह घायल हो गए। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश फायरिंग करते हुए मौके से भाग गए। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण जाग गए। जिन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

**बर्खास्त**

- » पड़ोसी ने बदमाशों को मारी गोली,जांच में जुटी पुलिस
- » चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो चोरों को पकड़ लिया

## एलडीए के अधिकारियों पर मिली-भगत का आरोप, वीसी ने कहा मामले की जांच कराएंगे

# क्रिसेंट अस्पताल के खिलाफ सीएम से शिकायत

**संवाददाता**

**लखनऊ।** आवासीय जमीन पर चले गोमती नगर विभव खंड के क्रिसेंट अस्पताल के खिलाफ सीएम से शिकायत दर्ज कराई गई है। सीएम के आईजीआरएस पोर्टल पर किए गए शिकायत में अस्पताल को गैर समाजिक गतिविधियो का अड्डा बताया गया है। यह भी आरोप लगा है कि माफिया डॉन डॉन मुख्तार अंसारी के गिरोह से जुड़े मो0 इस्तिफाक, मोहम्मद इकलाख व जेल वार्डन इलियास के द्वारा तमाम असमाजिक काम यहां होते हैं। मामले में एलडीए के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई गई है। बताया गया कि एलडीए वीसी की तरफसे शिकायत के बाद आख्या मांगी गई लेकिन मामले में कुछ अधिकारियों ने मिली- भगत की मामले को खत्म का दिया। बी 3/173 विभव खंड -4 मे संचालित क्रिसेंट हॉस्पिटल मानकों के विपरीत लविप्रा से बिना नक्शा पास कराकर खुलेआम असामाजिक गतिविधियों




को अंजाम दे रहा है। इसकी जांच कराने की मांग की गई है। एलडीए के नियमों के अनुसार नर्सिंग होम का न्यूनतम क्षेत्रफल 500 वर्ग मीटर होना चाहिए। जिसमें उसकी अधिकतम लंबाई 15 मीटर होनी चाहिए, जिसमे उसका सेट बैक का फ्रंट 6 मीटर बैक 3 मीटर और दायें बाएं 3 व 3 मीटर होना चाहिए। जबकि अस्पताल महज 200 वर्गमीटर में बिना सेटबैक व नक्शा पास के खुलेआम संचालित किया जा रहा है। मामले में एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी ने जोनल अधिकारी से रिपोर्ट मांगने की बात कही है। उन्होंने कहा कि संबंधित जोनल अधिकारी को पूछा गया है। वहां से रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्रिसेंट हॉस्पिटल बेसमेंट में चलाया जा रहा है जिसमे नक्शा पास कराने के दौरान जिला प्रशासन के खनन विभाग से अनापत्ती प्रमाण पत्र लेना पड़ता है। साथ ही राजस्व के लाखों रुपए जमा कराने पड़ते है जिसको बचा कर लखनऊ जिला प्रशासन की राजस्व क्षति की गई जिसकी जांच अति आवश्यक है। क्रिसेंट हॉस्पिटल मे नेपाल के रास्ते तमाम नेपाली नागरिकों का इलाज किया जा रहा है जिसमे मो0 इस्तीफाक नामक व्यक्ति जो की खुद को अस्पताल का संचालक बता कर रोब गांठता है।

**शिकायत**

- » एलडीए वीसी की तरफसे शिकायत के बाद आख्या मांगी गई लेकिन मामले में कुछ अधिकारियों ने मिली- भगत की मामले को खत्म का दिया
- » एलडीए के नियमों के अनुसार नर्सिंग होम का न्यूनतम क्षेत्रफल 500 वर्ग मीटर होना चाहिए

# एएमयू में भारतीय दार्शनिक दिवस-2022 पर संगोष्ठी का आयोजन



**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग ने इंडियन काउंसिल ऑफ फिलॉसॉफिकल रिसर्च, नई दिल्ली के सहयोग से दार्शनिक दिवस-2022 पर 'सत्य, सौंदर्य और सदाचारः भारतीय दार्शनिक दृष्टिकोण' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया जिसमें अतिथि वक्ताओं एवं शिक्षकों ने भारतीय दार्शनिक परम्पराओं एवं दृष्टिकोणों पर विस्तार से प्रकाश डाला। संगोष्ठी का उद्घाटन दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. अकील अहमद ने किया, जिन्होंने स्वागत भाषण और परिचयात्मक टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने भारतीय दार्शनिक दिवस मनाने के महत्व के बारे में बताया कि यह विषय ज्ञानमीमांसा, सौंदर्यशास्त्र और नैतिकता कवर दर्शन की महत्वपूर्ण शाखाओं से कैसे जुड़ा है। अतिथि वक्ता प्रो. मोहम्मद सिराजुल इस्लाम (दर्शन और तुलनात्मक धर्म विभाग, विश्व भारती, शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल) ने 'भारतीय धार्मिक दार्शनिक दृष्टिकोण में सत्य की अवधारणा' पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन के बारे में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह संपूर्ण मानव सभ्यता की अवधारणा को प्रस्तुत करता है, और यह वास्तविकता तीन तत्वों से युक्त है, अर्थात् सत्यम, एक अस्तित्वगत वास्तविकता (सत्य) का दावा शिवम (पुण्य) पाँच प्रमुख गुणों का अभ्यास है जो लगभग हर भारतीय दार्शनिक परंपरा में निहित है, और जब ये दोनों एक हो जाते हैं, तो दुनिया सुंदरम या सौंदर्य बन जाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन को ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार करने और नास्तिक परंपराओं की विशिष्टता

**आयोजन**

» शिक्षकों ने भारतीय दार्शनिक परम्पराओं और दृष्टिकोणों पर विस्तार से प्रकाश डाला

» संगोष्ठी का उद्घाटन दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. अकील अहमद ने किया

को पहचानने की आवश्यकता है, क्योंकि दोनों अपने दृष्टिकोण से सत्य की वकालत करते हैं, हमें अनिकांतवाद की जैन विद्वानों की परंपरा की याद दिलाते हैं। प्रो इस्लाम ने कहा सत्य किसी भी परंपरा का एकाधिकार नहीं है और इसका वर्णन करने के लिए जो भी भाषा का उपयोग किया जाता है, निस्संदेह, यह हमें पूर्ण वास्तविकता की ओर ले जाता है, क्योंकि सत्य पूर्ण वास्तविकता की संपत्ति है। 'नैतिक आदर्शवाद और भारतीय सामाजिक वास्तविकता' पर एक व्याख्यान देते हुए, प्रो. पी. केशव कुमार (प्रमुख, दर्शनशास्त्र विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और दर्शनशास्त्र विभाग के दर्शनशास्त्र अध्ययन में योगदान पर प्रकाश डाला। अपने प्रवचन में, उन्होंने हाशिये पर और वंचित समुदायों से एक सबाल्टर्न ज्ञान प्रणाली बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पारम्परिक दार्शनिक प्रवृत्तियों की आलोचनात्मक समीक्षा की, देशी भाषाओं के दर्शन के महत्व पर जोर दिया और वैश्विक स्तर पर भारतीय दर्शन को मजबूत करने पर बल दिया। नैतिक आदर्शवाद और भारतीय सामाजिक वास्तविकता पर चर्चा करते हुए उन्होंने भारतीय दर्शन को आध्यात्मिक भाषाई मुद्दों में उलझने के बजाय अधिक सामाजिक होने की आवश्यकता की वकालत की। समकालीन सामाजिक-राजनीतिक दार्शनिक भिक्खु पारेख के विचारों का उल्लेख करते हुए प्रोफेसर कुमार ने कम प्रतिनिधित्व वाले या हाशिए के समुदायों से वैकल्पिक आख्यान प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। एक अन्य अतिथि वक्ता, डॉ नीलांजन भौमिक (दर्शनशास्त्र विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने 'सत्य की कठिनाई' विषय पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने सत्य को जागरूकता के सिद्धांत के रूप में वर्णित करते हुए संस्थागत प्रतिबद्धता, सामाजिक प्रतिबद्धता और व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के दर्शन की तीन श्रेणियों पर चर्चा की। डॉ भौमिक ने कहा कि भारतीय दर्शन में प्रतिबद्धता की प्रकृति एक संस्थागत प्रतिबद्धता है, और भारतीय दार्शनिक प्रणाली नवीन ज्ञान प्रदान करने में कुछ धीमी है। यह एक संज्ञानात्मक प्रणाली से अधिक एक व्याकरणिक संस्था की भूमिका निभाता है।

## प्रधानमंत्री मोदी की मां के निधन पर सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के नेताओं ने भी जताया शोक

**संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भारतीय जनता पार्टी के तथा विपक्षी दलों के विभिन्न नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के दुख के साथ स्वयं को संबद्ध करते हुए शुक्रवार को एक ट्वीट में कहा ष्एक पुत्र के लिए माँ पूरी दुनिया होती है। माँ का निधन पुत्र के लिए असहनीय और अपूरणीय क्षति होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूज्य माता जी का निधन अत्यंत दुःखद है। प्रभु श्री राम दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। जानकारी के मुताबिक, समाजवादी पार्टी (सप) ने भी अपने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट कर प्रधानमंत्री की माता के निधन पर दुख व्यक्त किया है। ट्वीट में कहा गया ष्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी श्रीमती हीराबेन मोदी जी का देहावसान, अत्यंत दुखद! ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। शोक संतप्त परिवार के प्रति गहन संवेदना। भावभीनी श्रद्धांजलि! बहुजन समाजवादी पार्टी की मुखिया मायावती ने ट्वीट के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी की माता के निधन पर संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा ष्प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता जी श्रीमती हीराबेन के निधन की खबर अति-दुःखद। उनके पूरे परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कुदरत उन्हें एवं उनके सभी चाहने वालों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## शराब की दुकानों के सेल्समैनों को बदमाशों ने अधमरा कर लूटा

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में तीन थाना क्षेत्रों की सीमा पर इंगोहटा-छानी मार्ग पर पंचम कुआं के नजदीक छानी से गांव वापस आ रहे शराब की दुकान के सेल्समैनों को बाइक सवार आधा दर्जन असलहाधारी बदमाशों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। डेढ़ लाख की नगदी सहित मोबाइल आदि लूट लिया। सूचना पर पहुंची तीनों थाना क्षेत्रों की पुलिस छानबीन में जुट गई। पुलिस ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई। इंगोहटा गांव निवासी दीनदयाल कुशवाहा व अजय यादव छानी गांव के देसी व अंग्रेजी शराब की दुकानों

**घटना**

» डेढ़ लाख रूपये व मोबाइल लेकर हुए फरार

में सेल्समैन का काम करते हैं। गुरुवार रात 10 दुकानें बंद करने के बाद बाइक से यह दोनों इंगोहटा वापस आ रहे थे। तभी बिवांर, ललपुरा व सुमेरपुर थानाक्षेत्र की सीमा पर पंचम कुआं के निकट बाइक सवार सेल्समैनों को बाइक सवार आधा दर्जन असलहाधारी बदमाशों ने रोककर जमकर पीटा और दुकान की बिक्री के डेढ़ लाख रुपए नगद व मोबाइल आदि छीन कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर तीनों थाना क्षेत्रों की पुलिस घटनास्थल पर



पहुंची और घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर तीनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं बदमाशों की तलाश में तीनों थाना क्षेत्रों की पुलिस लगी हुई है। लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। लंबे अरसे बाद इंगोहटा छानी मार्ग पर यह लूट की घटना हुई है। जिससे आस-पास के गांवों में व इस सड़क से गुजरने वाले लोगों में दहशत व्याप्त हो गई है। भरुआ सुमेरपुर थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने बताया कि घायल सेल्समैनों का इलाज चल रहा है। बदमाशों को पकड़ने के लिए टीमें बनाई गई हैं।

## महिला से सोनू बन मिलता था जिम संचालक इंतजार

### दुष्कर्म कर धर्मांतरण का बनाया दबाव, आरोपी पकड़े

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित जिम संचालक ने नाम व धर्म छुपाकर महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने पहले पीड़िता को अपने जिम का मैनेजर बना दिया और फिर यौन शोषण करने लगा। नाम व धर्म पता चलने पर पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने धर्म परिवर्तन का भी दबाव बनााया। आरोपी के पिता व भाई उसे धमकाने लगे। पीड़िता ने बुधवार को बिसरख कोतवाली में शिकायत दे दी। पुलिस ने केस दर्ज कर शाहबेरी निवासी आरोपी इंतजार खान, उसके पिता अब्बास अली व भाई सुहैल को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के खिलाफ विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश, दुष्कर्म आदि की धारा में केस दर्ज



किया है।

मूलरूप से मध्य प्रदेश के छतरपुर निवासी महिला का पति नोएडा की एक कंपनी में काम करता है। दंपती के एक बेटा भी है। महिला ग्रेनो वेस्ट स्थित एक जिम में जनवरी माह से एक्सरसाइज के लिए जाने लगी। जिम संचालक इंतजार खान ने महिला को अपना नाम सोनू बताया था। आरोपी ने अपना धर्म भी छिपाया और जून माह में महिला को जिम का मैनेजर बनाकर करीबी बढ़ा ली। आरोपी ने महिला को जूस में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया और शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने लगा। गाजियाबाद में फ्लैट किराये पर लेकर महिला के साथ रहने लगा। इसी बीच महिला को आरोपी के असल नाम व धर्म का पता चल गया। इस पर महिला आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बात करने लगी।

पीड़िता को पति ने छोड़ा, धोखा खाने पर ठुकराया एक करोड़ का प्रस्ताव इंतजार खान से करीबी का पता चलने पर पीड़िता पर उसका पति काफी नाराज हुआ था। वह अपने दस साल के बेटे को लेकर पीड़िता को छोड़कर चला गया। इसके बाद ही आरोपी ने गाजियाबाद में किराये पर फ्लैट लेकर पीड़िता के साथ रहना शुरू किया और शादी का झांसा देकर यौन शोषण करता रहा। राज खुलने पर जब पीड़िता ने कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी तो आरोपियों ने पीड़िता को एक करोड़ रुपये की पेशकश की, जिसे उसने ठुकरा दिया।

## घने कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार

**सुल्तानपुर।** बर्फीली हवाओं के चलने से गलन भरी ठंड में कोई कमी नहीं आ रही है। बृहस्पतिवार को सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण लोगों को आवाजाही में खासी परेशानी उठानी पड़ी। इस बीच न्यूनतम तापमान लुढ़ककर 5.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

तापमान में गिरावट आने से लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा है। ठंड से बचाव के लिए लोगों को अलाव व गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। करीब 11 बजे धूप निकलने पर ठंड से बेहाल लोगों को कुछ राहत मिली। शाम होते ही फिर ठंड बढ़ गई। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने, हवा सामान्य गति से पछुआ चलने और सुबह के समय घना कोहरा रहने का अनुमान लगाया है।

आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के मौसम पर्यवेक्षक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 20.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस कम रहा। न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 5.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम में सापेक्षिक आर्द्रता (नमी) 94-58 फीसदी रही। उत्तरी-पुरवा हवा की गति 2.6 किमी/घंटे रिकॉर्ड की गई है।

## एएमयू की प्रोफेसर ने वार्षिक महिला आर्थिक मंच की बैठक को संबोधित किया

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट (एमटीटीएम) कोर्स की समन्वयक प्रोफेसर शीबा हामिद ने नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक महिला आर्थिक मंच 2022 के वैश्विक कार्यक्रम में भाग लिया जिसका शीर्षक 'ब्रिजिंग द गल्फ एन एजेंडा फॉर द जी20' था। ग्रामीण पर्यटन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए प्रोफेसर शीबा ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण महिला उद्यमियों के सामने आने वाली समस्याएं उनके शहरी समकक्षों से काफी अलग हैं। अधिकांश भारतीय महिलाएं गांवों में रहती हैं, इसलिए ग्रामीण महिला उद्यमियों और उद्यमियों पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है जिससे पूरे देश की अर्थव्यवस्था का वास्तविक विकास होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और योजना आयोग ने भी माना है कि आर्थिक विकास के लिए ग्रामीण महिलाओं के औद्योगीकरण को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। ग्रामीण पर्यटन उद्यमशीलता के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के विकास के लिए कई अवसर प्रदान कर सकता है।

## एएमयू शिक्षक द्वारा हरित ऊर्जा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के बिजली विभाग के संयोजक और एमआईसी प्रो मोहम्मद रेहान ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में ग्रीन यूनिवर्सिटी प्रोजेक्ट 'नेट जीरो टारगेट एंड ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशनः रोडमैप टू विजन इंडिया 2047' विषय पर बात की। प्रोफेसर रेहान ने कहा कि भारत ने 2070 तक नेट जीरो के लक्ष्य को हासिल करने की घोषणा की है और यह संगोष्ठी हरित ऊर्जा के इष्टतम उपयोग और संबंधित मुद्दों, चुनौतियों और पहलों पर चर्चा करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्बन उत्सर्जन में कमी पर राष्ट्रीय मिशन का उल्लेख किया और इसके लिए संभावित रोडमैप पर चर्चा की।

## कोविड टीका लगाने के नाम पर 95 हजार रुपये ठगे, पीड़िता ने दी शिकायत

**नोएडा।** साइबर ठगों ने एक महिला को कोविड -19 का टीका लगवाने का झांसा देकर उनके साथ 95 हजार रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने महिला के मोबाइल पर लिंक भेजकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की है।

कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सेक्टर-107 में रहने वाली नूतन पाहुजा ने पुलिस से शिकायत की है कि उन्होंने कोविड का बूस्टर डोज को लगवाने के लिए कोविन पोर्टल से स्लॉट बुक कराया था। इसके एक दिन बाद उनके पास एक व्यक्ति ने कॉल

**शिकायत**

» जालसाजों ने महिला के मोबाइल पर लिंक भेजकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया

किया। उसने खुद को अस्पताल का कर्मचारी होने की बात कही। उन्होंने बताया कि आरोपी ने उनसे स्लॉट बुकिंग के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने हामी भर दिया। इसके बाद आरोपी ने उनसे कहा कि टीका लगवाने के लिए उन्हें कुछ और डिटेल देनी होगी। अस्पताल का कर्मचारी बताने के कारण पीड़िता आरोपी के झांसे में आ गई।




आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने उनके पास एक लिंक भेजा था, जिसको उन्होंने गलती से क्लिक कर दिया। इसके बाद उनका फोन हैक हो गया। इस दौरान आरोपियों ने उनके फोन से कई बार में यूपीआई के जरिए कुल 95 हजार रुपये निकाल लिए।

### केंद्र सरकार ने बीते सितंबर में गैर बासमती चावल का निर्यात शुल्क बढ़ा दिया

## 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क बढ़ा, काला नमक का कारोबार प्रभावित

**सिद्धार्थनगर।** निर्यात शुल्क में बीस प्रतिशत बढ़ोत्तरी के कारण काला नमक चावल का कारोबार प्रभावित हो रहा है। तीन माह पहले गैर बासमती चावल पर निर्यात शुल्क बढ़ा दिया गया है। इस कारण फसल कटने के बाद काला नमक चावल की विदेश में बिक्री कठिन हो गई है। महंगे दर पर निर्यात का नियम होने से कारोबारी टूट गए हैं, जबकि किसानों को भी नुकसान हुआ है। केंद्र सरकार ने बीते सितंबर में गैर बासमती चावल का निर्यात शुल्क बढ़ा दिया। बासमती चावल को विशेष वस्तु के अंतर्गत एचएसएन (हार्मोनाइज्ड सिस्टम ऑफ नोमेनकलेचर) जारी है। इस निर्यात कोड के कारण बासमती पर बढ़ा हुआ निर्यात शुल्क

**कारोबारी**

» काला नमक चावल की विदेश में बिक्री कठिन हो गई

» निर्यात कोड के कारण बासमती पर बढ़ा हुआ निर्यात शुल्क लागू हुआ

लागू हुआ, जबकि गैर बासमती के अंतर्गत काला नमक चावल पर भी सामान्य चावल की तरह निर्यात पर शुल्क जमा करना पड़ रहा है। यहीं कारण है कि जिन कारोबारियों ने निर्यात के लिए विदेशी संस्थाओं से बात की थी, उन्होंने चावल विदेश में नहीं भेजा है,



क्योंकि निर्धारित मूल्य से 20 प्रतिशत अधिक कीमत प्राप्त होने पर ही चावल भेजा सकता है। वर्ष 2018 में ओडीओपी में शामिल होने के बाद काला नमक चावल का प्रचार-प्रसार राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की गई। काला नमक के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी दीपक मीणा को पीएम अवार्ड भी मिला। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने काला नमक चावल का निर्यातक बोर्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की है, लेकिन निर्यात शुल्क बढ़ने से नई समस्या खड़ी हो गई है।

जिले में काला नमक धान की खेती का रकबा 15 हजार हेक्टयर के करीब हो गया है। किसानों को भी पहले की अपेक्षा की डेढ़ गुनी कीमत प्राप्त हो रही है, लेकिन इसको विदेश भेजने में समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रशासन ने शासन को पत्र भेजा है, लेकिन सार्थक परिणाम हासिल नहीं हो सका है। उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज ने बताया कि एचएसएन कोड के लिए पत्राचार किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## एएमयू शिक्षक सम्मानित

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस खान को अंतर्राष्ट्रीय ई-सम्मेलन श्रृंखला और अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में शैक्षणिक नेतृत्व के लिए 'एआईसीपर्ट अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार-2022' से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार समारोह का आयोजन अखिल भारतीय उत्पादक शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद और उद्यमिता विकास सेल एएमयू के सहयोग से किया गया था।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**सुल्तानपुर।** बिहार से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रास्ते दिल्ली जा रहे एक युवक की बाइक बुधवार शाम डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हलियापुर क्षेत्र में बुधवार शाम करीब छह बजे हुआ। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने युवक के सामान की जांच की तो एक आधार कार्ड मिला। उससे मृत युवक की पहचान राणा प्रताप सिंह (25) निवासी रवारी जिला सारन, बिहार के रूप में की गई। हलियापुर थाना प्रभारी राम विशाल सुमन ने बताया कि युवक अकेले ही बाइक से दिल्ली जा रहा था। पुलिस से सूचना मिलने पर बृहस्पतिवार को बिहार से पहुंचे परिजन पोस्टमॉर्टम कराने से इंकार करते हुए युवक का शव लेकर घर चले गए।

## पयागीपुर चौराहे पर लगने वाले जाम से मिलेगा छुटकारा

**सुल्तानपुर।** शहर के पयागीपुर व बाईपास पर जाम की समस्या जल्द दूर होने के आसार हैं। एक ओवरब्रिज पर आवागमन शुरू हो गया जबकि फ्लाईओवर पर हल्के चार पहिया वाहन फर्राटा भरने लगे हैं। फ्लाईओवर पर जल्द ही भारी वाहनों का संचालन शुरू करने की तैयारी है।

सुल्तानपुर-वाराणसी फोरलेन पर पयागीपुर और बाईपास पर करीब पांच वर्ष से निर्माणाधीन फ्लाईओवर में एक का कार्य तकरीबन पूरा हो गया है। बाईपास के ओवरब्रिज का निर्माण पूरा होने से हल्के व भारी वाहन गुजरने लगे हैं, जबकि पयागीपुर चौराहे के फ्लाईओवर पर कुछ दूर एक लेन का कार्य चल रहा है। दूसरे लेन का कार्य पूरा होने से ओवरब्रिज पर हल्के चार पहिया वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। काम को देखते हुए जल्द ही दूसरे लेन पर आवाजाही शुरू होने के आसार हैं। दोनों फ्लाईओवर पर आवाजाही शुरू होने से जाम की समस्या से जल्द निजात मिलने के आसार हैं। खासकर पयागीपुर चौराहे के फ्लाईओवर के दोनों लेन का संचालन शुरू होने से चौराहे पर रोज लगने वाले जाम की समस्या दूर हो जाएगी। एनएचएआई के पीडी आरएस यादव ने बताया कि पयागीपुर फ्लाईओवर का आंशिक कार्य जल्द पूरा हो जाएगा।

## कोहरे की चादर ने ढके पूर्वी व पश्चिमी इलाके, नए साल में होगा कंपकंपाती ठंड का अहसास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आसपास के शहरों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कोहरे और ठंडी हवाओं में बढ़त के साथ मौसम एक बार फिर बदला है। पूर्वांचल से पश्चिमी यूपी तक को पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवाओं का प्रभाव कम होने के बाद कोहरे की चादर ने ढक लिया है। आसमान में बादलों का असर दिख रहा है। आसमान में बादलों का असर दिख रहा है। मौसम विभाग की ओर से कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी के भी आसार जताए गए हैं। इसके बाद ठंड की स्थिति में और इजाफा होगा। नए साल में लोगों को कंपकंपाती ठंड का अहसास होने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो गया है, जिसकी वजह से पहाड़ों पर भारी बर्फबारी की आशंका है और कुछ मैदानी इलाकों में बारिश हो सकती है। राजधानी लखनऊ में आज, 30 दिसंबर को कोहरे के चलते आवागमन मुश्किल हो गया है। सुबह और रात में कोहरे का इंपैक्ट ज्यादा देखने को मिल रहा है। घने कोहरे के चलते यहां विजिबिलिटी काफी कम हो गई है। तापमान की बात करें तो यूपी में लखनऊ समेत कई जिलों में 6 से 8 डिग्री न्यूतम तापमान रिकॉर्ड किया गया है। अधिकतम तामपान 17 से 20 के बीच दर्ज किया जा रहा है। दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्य इस वक्त कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं। सुबह दिल्ली को कोहरे और शीतलहर से थोड़ी राहत मिली थी। इसके अलावा गुरुवार शाम को पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव हो जाने से हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीती और कश्मीर के सभी इलाकों में बर्फबारी देखने को मिली। मौसम विभाग की मानें तो पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिलेगा।

## तालाब की भूमि पर बनीं 11 दुकानें व दो मकान ढहाए

**सुल्तानपुर।** बिरसिंहपुर कस्बे में तालाब की भूमि पर बनी 11 दुकानों व दो मकानों पर बृहस्पतिवार को जेसीबी चली। हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने सभी को ढहा दिया। बिरसिंहपुर निवासी डॉ. राजीव सिंह ने कस्बे में तालाब पर करीब 30 वर्ष पहले बनाई गई दुकानों व मकान को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्रशासन को अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। न्यायालय का आदेश मिलने पर बुधवार को प्रशासन की ओर से अतिक्रमणकारियों को दुकानों व मकान को खाली करने का निर्देश दिया गया था। सूचना के बाद भी दुकानदारों व दोनों परिवारों ने मकान व दुकान नहीं खाली किया। बृहस्पतिवार सुबह पुलिस के साथ तहसील के अधिकारी जेसीबी लेकर मौके पर पहुंच गए। जेसीबी पहुंचते ही दुकानदारों व परिवारों ने विरोध शुरू कर दिया। मोहम्मद रशीद की बेटी शबीना व सायरा बानो जेसीबी के आगे लेट गईं। महिला पुलिस कर्मियों ने दोनों महिलाओं को हटाया। उसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में कस्बे में तालाब पर बनी 11 दुकानों व मोहम्मद रशीद व मोहम्मद नियाजुद्दीन के मकान को जेसीबी से ढहा दिया गया। कार्रवाई में मोहम्मद मजीद, मोहम्म्द अमीनुद्दीन, बृजेंद्र प्रताप सिंह, राम अवध, निर्मल, मोहम्मद यूनुस, सोहराब, जिबराइल, राम लुटावन, संतराम व विनोद कुमार की दुकानें जमींदोज कर दी गईं। ढहाई गई दुकानों व मकानों में लाखों रुपये का सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। एसडीएम संजीव यादव ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को बुधवार को मकान व दुकान खाली करने की सूचना दी गई थी लेकिन लोगों ने खाली नहीं किया। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश पर की गई है। बेघर हुए दोनों परिवारों को आवासीय पट्टा दिलाया जाएगा। फिलहाल दोनों परिवारों को गांव के स्कूल में रहने को कहा गया है। कार्रवाई में तहसीलदार हृदयराम तिवारी, नायब तहसीलदार संध्या यादव, कोतवाल प्रेमचंद समेत अन्य मौजूद रहे।

## पांच घंटे विलंब पहुंची महामना व बेगमपुरा एक्सप्रेस

**सुल्तानपुर।** कोहरे का असर ट्रेनों की रफ्तार पर पड़ रहा है। बृहस्पतिवार को महामना डाउन और बेगमपुरा डाउन एक्सप्रेस पांच घंटे की देरी से पहुंचीं। इसके साथ कई एक्सप्रेस ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते ठंड में यात्री घंटों परेशान रहे। पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से लखनऊ जाने वाली एकात्मता अप एक्सप्रेस और पाटलिपुत्र-चंडीगढ़ अप एक्सप्रेस एक-एक घंटे की देरी से रवाना की गई। रक्सौल से आनंद विहार तक जाने वाली सद्भावना अप एक्सप्रेस का करीब साढ़े तीन घंटे, श्रमजीवी अप एक्सप्रेस एक घंटे, महाकाल डाउन एक्सप्रेस एक घंटे, इंदौर-पटना डाउन एक्सप्रेस एक घंटे और उपासना डाउन एक्सप्रेस का संचालन करीब चार घंटे की देरी से किया गया। लखनऊ-वाराणसी रेल ट्रैक की लंभुआ-दुर्गापुर क्रॉसिंग पर बृहस्पतिवार को मरम्मत कार्य को लेकर रोड ब्लॉक लिया गया। रोड ब्लॉक के दौरान रेल पथ को दुरुस्त किया गया। क्रॉसिंग बंद होने से लंभुआ-दुर्गापुर मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को परसरामपुर पेट्रोल टंकी के बगल से होते हुए परसरामपुर रेलवे अंडरपास से होकर गुजरना पड़ा। इस बीच ट्रेनों को कॉशन पर रवाना किया गया। शाम को रोड ब्लॉक खोल दिया गया।

## राजकीय माध्यमिक विद्यालयों की दीवारों पर दर्ज होगा ब्योरा

**सुल्तानपुर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में बाहरी दीवारों पर सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का अंकन कराया जाएगा। इसमें विद्यालय विकास एवं प्रबंध समिति के सदस्यों का विवरण, विद्यालय स्थापना वर्ष, वेबसाइट, आय-व्यय विवरण व बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों का विवरण देना होगा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अभियान के निर्देश के मुताबिक जिले के सभी 25 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का विवरण वॉल पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। इस कार्य के लिए 1500 रुपये प्रति विद्यालय की दर से एसएमडीसी खाते में धनराशि भेजी गई है। वॉल राइटिंग आयताकार में काले रंग से कराई जाएगी, जिसका बॉर्डर लाल रंग से होगा। वॉल राइटिंग में विद्यालय विकास एवं प्रबंध समिति के सदस्यों का विवरण, विद्यालय स्थापना वर्ष, विद्यालय संचालन वर्ष, विद्यालय की वेबसाइट, आय-व्यय का विवरण, बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विवरण होगा। साथ ही संचालित विषय/वर्ग, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, कार्यरत शिक्षकों का विवरण, सीएसआर फंड से विद्यालय में कराए गए कार्यों का विवरण, सामुदायिक सहभागिता से कराए गए कार्यों का विवरण, नीट, जेईई, एनडीए, क्लैट व पॉलीटेक्निक जैसे पाठ्यक्रमों के लिए चयनित विद्यार्थियों का विवरण अंकित होगा।

साथ ही उच्च पदों पर आसीन विद्यालय के पुरातन छात्रों का भी विवरण अंकित किया जाएगा।

# वर्ष 2022में कृषि के लिए रिकॉर्ड बजट एवं निर्यात

## भारत में 3.22 हेक्टेयर के साथ ऑयल पाम वृक्षारोपण के तहत 6.5 लाख हेक्टेयर का अतिरिक्त क्षेत्र आएगा

**उत्पादन**

- 50 अरब डालर से अधिक के कृषि वस्तुओं के निर्यात के लिए याद किया जायेगा
- वर्ष 2022-23 में बजट आवंटन बढ़ाकर 1,24,000 करोड़ रुपये कर दिया गया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गुजरते वर्ष को कृषि क्षेत्र में बजट आवंटन में अभूतपूर्व वृद्धि, रिकॉर्ड मात्रा में खाद्यान्न फसलों एवं बागवानी उत्पादों, पाम आयल मिशन तथा 50 अरब डालर से अधिक के कृषि वस्तुओं के निर्यात के लिए याद किया जायेगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के लिए वर्ष 2022-23 में बजट आवंटन बढ़ाकर 1,24,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है। खाद्यान्न उत्पादन जनवरी 2022 के 30.65 करोड़ टन से बढ़कर दिसम्?बर 2022 में 31 .57 करोड़ टन (चौथे अग्रिम अनुमानों के अनुसार) हो गया है जो अब तक का सर्वाधिक खाद्यान्न उत्पादन है। तीसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार, बागवानी उत्पादन 2020-21 के दौरान 33 करोड़ टन से अधिक था, जिसे 2021-22 के दौरान बढ़ाकर 34 करोड़ टन तक पहुंचा दिया गया। यह भारतीय बागवानी के लिए अब तक का सर्वाधिक उत्पादन है।

खाद्य तेलों के लिए राष्ट्रीय मिशन की शुरुआत- ऑयल पाम (एनएमईओ) को 11,040 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ मंजूरी दी गई है। इससे अगले पांच वर्षों में पूर्वोत्तर राज्यों में 3.28 लाख हेक्टेयर और शेष भारत में 3.22 हेक्टेयर के साथ ऑयल पाम वृक्षारोपण के तहत 6.5 लाख हेक्टेयर का अतिरिक्त क्षेत्र आएगा। फसल वर्ष 2020-21 के लिए, सरकार ने अपनी नोडल एजेंसियों के माध्यम से 12,11,619.39 टन दलहन और तिलहन की खरीद की जिससे 7,06,552 किसानों को लाभ हुआ, जबकि वर्ष 2021-22 में 31,08,941.96 टन दलहन, तिलहन और खोपरा की खरीद की गयी जिससे 14,68,699 किसानों को लाभान्वित हुए। इसके अलावा, खरीफ 2021-22 मौसम के तहत जनवरी, 2022 तक खरीदे गए 2,24,282.01 टन दलहन और तिलहन की खरीद की गयी जिससे 1,37,788 किसान लाभान्वित हुए जबकि खरीफ 2022-23 खरीद मौसम के तहत दिसम्?बर 2022 तक 915.79 करोड़ रुपये मूल्?य की 1,03,830.50 टन दलहन, तिलहन और खोपरा की खरीद की गई जिससे 61,339 किसानों को लाभ मिला है। पीएम-किसान योजना 2019 में शुरू की गई थी जो कि किसानों को 6000 रुपये प्रति वर्ष तीन समान किस्तों में प्रदान करने वाली आय सहायता योजना है। पीएम-किसान योजना में, जनवरी, 2022 में 11.74 करोड़ से अधिक किसानों को 1.82 लाख करोड़ रुपये जारी किए गए,जबकि दिसम्?बर, 2022 तक 11 करोड़ से अधिक पात्र किसानों को अब तक दो लाख करोड़ रुपये से अधिक जारी किए जा चुके हैं। कृषि क्षेत्र के लिए संस्थागत ऋण जनवरी, 2022 में 16.5 लाख करोड़ रुपये था, जिसे दिसम्?बर, 2022 में बढ़ाकर 18.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। अल्पकालिक कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए चार प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज पर केसीसी के माध्यम से रियायती संस्थागत ऋण का लाभ पशुपालन और मत्स्य पालन करने वाले किसानों को भी दिया गया है। देश में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए 2015-16 में परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) शुरू की गई। जनवरी, 2022 तक 30934 क्लस्टर बनाए गए और 6.19 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया जिससे 15.47 लाख किसान लाभान्वित हुए, जो दिसम्?बर, 2022 में बढ़कर 32384 क?लस?टर हो गए जिससे 16.19 लाख किसानों को लाभान्वित करते हुए 6.53 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया है।

नई एफपीओ योजना के तहत जनवरी, 2022 तक कुल 2110 एफपीओ पंजीकृत किए गए थे, जो दिसम्?बर, 2022 तक बढ़कर 4016 एफपीओ हो गए। आत्मनिर्भर भारत अभियान के हिस्से के रूप में 2020 में एक राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम) शुरू किया गया है। मधुमक्खी पालन क्षेत्र के लिए 2020-2021 से 2022-2023 की अवधि के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मधुमक्खी पालन क्षेत्र के लिए 70 परियोजनाएं आवंटित की गई हैं। एनबीएचएम के तहत वित्त पोषण के लिए लगभग 118.00 करोड़ रुपये की सहायता से 70 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई जबकि दिसम्?बर, 2022 तक लगभग 139.23 करोड़ रुपये की सहायता से 114 परियोजनाओं को

## आंग सान सू की को सात साल और जेल की सजा

एजेंसी

**नाएप्यीडॉ।** म्यांमार की राजधानी नाएप्यीडॉ की एक अदालत ने शुक्रवार को देश की अपदस्थ नेता आंग सान सू की और पूर्व राष्ट्रपति विन म्यिंट को भ्रष्टाचार के पांच आरोपों में और सात-सात साल की कैद की सजा सुनाई। म्यांमार के मिजिमा न्यूज पोर्टल ने अदालत के हवाले से यह खबर दी है। समाचार पोर्टल ने कहा कि नायप्यीडॉ केंद्रीय कारागार के अंदर आयोजित अदालती सुनवाई में सजा की घोषणा की गई और अभियुक्तों को इस सजा के खिलाफ अपील करने का अधिकार है।

सभी पांच आरोप कथित तौर पर राज्य के फंड से खरीदे गए हेलीकॉप्टर के पट्टे और उपयोग से संबंधित हैं। सुश्री आंग सान सू की और विन म्यिंट ने कथित तौर पर अपने पदों का दुरुपयोग किया और अधीनस्थों को हेलीकॉप्टर किराए पर लेने, खरीदने और बनाए रखने की अनुमति देते समय सभी आवश्यक कानूनी तथा वित्तीय नियमों का पालन नहीं करके देश के धन को नुकसान पहुंचाया।



ये आरोप सुश्री आंग सान सू की के खिलाफ आपराधिक और प्रशासनिक मामलों की श्रृंखला में अंतिम हैं। वह शुक्रवार की सजा सहित कुल 33 साल जेल में बिताएंगी।

वर्ष 1991 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता सुश्री आंग ने फरवरी 2021 तक म्यांमार के राज्य परामर्शदाता के रूप में कार्य किया। उसी दौरान एक आपातकालीन स्थिति में सत्ता हस्तांतरण के लिए एक संवैधानिक तंत्र का उपयोग करके सेना ने देश में सत्ता हथिया ली। जुंटा ने उनकी सरकार को उखाड़ फेंका और तत्कालीन राष्ट्रपति विन म्यिंट के साथ उन्हें नजरबंद कर दिया। दोनों को जल्द ही नाएप्यीडॉ केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित कर दिया गया।

## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से एक मरीज की मौत

**संक्रमण**

- देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 महामारी से एक मरीज की मौत हुयी
- पिछले 24 घंटे में कोरोना के सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई




एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 महामारी से एक मरीज की मौत हुयी है, जिससे मृतकों की संख्या 5,30,699 तक पहुंच गयी है और मृत्युदर 1.19 फीसदी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 220.09 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं।

देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे अब इनकी संख्या बढ़कर 3,609 हो गयी है और सक्रिय मामलों की दर 0.1 प्रतिशत है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से 185 लोग मुक्त हुए हैं, जिससे इस महामारी से अब तक निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,43,850 हो गयी है और देश में स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में 11 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना के नए मामले सामने आए हैं और अन्य राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में इनकी संख्या में कमी आयी है। केरल में तीन सक्रिय मामले बढ़ने पर, यहां सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 1,392 हो गयी है। कोरोना महामारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 67,55,360 हो गई है और मृतकों की संख्या 71,552 स्थिर है। कर्नाटक में कोरोना संक्रमण के 32 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 1,307 हो गयी है। इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 40,30,335 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 40,307 पर बरकरार है।

महाराष्ट्र में चार सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 168 हो गयी है। इस दौरान 36 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 79,88,030 तक पहुंच गयी है। राज्य में एक मरीजों की मृत्यु होने से, मृतकों की संख्या 1,48,417 तक पहुंच गयी है।

तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के आठ सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिससे अब सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 68 हो गयी है। इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 35,56,284 हो गयी है। राज्य में मृतकों की संख्या 38,049 है। बिहार में भी आठ कोरोना सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी हुयी है, जिससे कोरोना संक्रमणों की कुल संख्या बढ़कर 23 हो गयी। इस महामारी से ठीक होने वालों की कुल संख्या 839062 तक पहुंच गयी है और मृतकों का आंकड़ा 12302 है। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कोरोना के पांच सक्रिय मामले पाए गए हैं, जिससे अब इनकी संख्या बढ़कर 22 हो गयी है और इसी अवधि में इस महामारी से निजात पाने वालों की संख्या पहले से बढ़कर 474609 तक पहुंच गयी है। मृतकों की संख्या 4785 पर स्थिर है। इसके अलावा, कोरोना के अंडमान और निकोबार द्वीप, गुजरात में चार-चार सक्रिय मामले पाए गए जबकि राजस्थान में तीन मामले और पुडुचेरी में दो मामले, छत्तीसगढ़, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में एक-एक सक्रिय मामला सामने आया है। राहत की बात यह है कि अरुणाचल प्रदेश, असम, दादर एवं नागर हवेली, दमन एवं दीव, लक्षद्वीप, मिजोरम, नागालैंड, मणिपुर तथा त्रिपुरा में कोरोना का एक भी सक्रिय मामला नहीं है।

## सड़क दुर्घटना में क्रिकेटर ऋषभ पंत घायल, कार में लगी आग



एजेंसी

**देहरादून।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत शुक्रवार सुबह उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रुड़की में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। यह दुर्घटना कार के डिवाइडर से टकराने से हुई। जिसके बाद कार में आग लग गई। उन्हें घायल अवस्था में देहरादून के मैक्स अस्पताल लाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ऋषभ पंत दिल्ली से मर्सिडीज कार से उत्तराखंड के रुड़की स्थित अपने घर आ रहे थे। आज सुबह लगभग साढ़े पांच बजे कोतवाली मंगलोर क्षेत्र के मोहम्मदपुर जट के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के बाद कार में आग लग गई। किसी तरह क्रिकेटर और उनके साथ बैठे चालक सहित एक अन्य व्यक्ति को कार से निकाला गया। सूचना मिलने पर मौके पर 108 और हरिद्वार पुलिस द्वारा घायलों को सर्वप्रथम रुड़की के सक्षम अस्पताल ले जाया गया।

अस्पताल के चेयरमैन डॉ सुशील नागर ने बताया कि फिलहाल ऋषभ पंत की हालत स्थिर बनी हुई है। डॉक्टरों के मुताबिक ऋषभ के माथे और पैर में चोट आई है। उनको रुड़की से देहरादून के मैक्स अस्पताल रेफर किया गया है। वहां उनकी प्लास्टिक सर्जरी की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वाहन दुर्घटना में घायल क्रिकेटर ऋषभ पंत के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए उनका समचित इलाज की हरसम्भव व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने श्री पंत के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि उनके इलाज का सारा व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। अगर एयर एम्बुलेंस की आवश्यकता होती है तो उसकी भी व्यवस्था की जाएगी।

### ऋषभ को लगी हैं कई चोटें, हालत स्थिर : बीसीसीआई

**मुंबई।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी देते हुये भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा कि सड़क हादसे में घायल ऋषभ को कई जगह चोटें लगी है और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। चोट का पता लगाने और आगे के उपचार के लिये उनका एमआरआई स्कैन कराया जायेगा। शाह ने कहा कि उत्तराखंड में रुड़की के पास आज सुबह ऋषभ की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हादसे में घायल ऋषभ को एक अस्पताल के मल्टीस्पेशियलिटी और ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उन्होने कहा कि ऋषभ के माथे पर दो गहरे घाव हुये है जबकि उनके दाहिने घुटने में लिगामेंट फट गया है। उनकी दाहिनी कलाई, टखने, पैर के अंगूठे में भी चोट लगी है और उनकी पीठ पर रगड़ के कारण चोट आयी है। उन्होने कहा, 卐 ऋषभ की हालत स्थिर बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अब देहरादूर स्थित मैक्स अस्पताल में उपचार के लिये भेज दिया गया है जहां आगे के इलाज के लिए एमआरआई स्कैन किया जाएगा। बीसीसीआई लगातार ऋषभ के परिवार और इलाज कर रहे डाक्टरों की टीम से संपर्क बनाये हुये है। उन्हे सर्वोत्तम इलाज उपलब्ध कराने में बीसीसीआई हर संभव मदद करेगा। इस बीच पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली से अपने घर रुड़की जा रहे ऋषभ की मर्सिडीज कार कोतवाली मैंगलोर क्षेत्र के मोहम्मदपुर जाट के पास तड़के करीब साढ़े पांच बजे अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी।

## जडेजा ने रोका मुबंई का विजय रथ,सौराष्ट्र 48 रन से जीता



**मुबंई।** धर्मेंद्रसिंह जडेजा के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत सौराष्ट्र ने सितारों से सजी 41 बार की रणजी चैंपियन मुबंई का विजय रथ रोकते हुये शुक्रवार को 48 रन की यादगार जीत हासिल की।

बांद्रा कुर्ला कांप्लेक्स मैदान पर रणजी ट्राफी के ग्रुप बी मुकाबले में सौराष्ट्र ने टास जीत कर पहले खेलते हुये अपनी पहली पारी में 289 रन बनाये जिसके जवाब में मुबंई की टीम पहली पारी में 230 रन पर सिमट गयी। सौराष्ट्र ने 59 रन की लीड लेने के बाद दूसरी पारी में 220 रन बनाये और मुबंई को जीत के लिये 280 रन का विजय लक्ष्य दिया मगर मुबंई का फ्लाप शो दूसरी पारी में भी जारी रहा और पूरी टीम 231 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। मुबंई की अब तक खेले गये तीन मैचों में पहली हार थी जबकि पहले दो मैच ड्रा खेलने वाली सौराष्ट्र की यह पहली जीत थी। इस मैच के बाद मुबंई के तीन मैचों में 13 अंक है और वह अभी भी अंकतालिका में पहले स्थान पर है, वहीं सौराष्ट्र 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। प्लेयर आफ द मैच चुने गये धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने पहली पारी में 24 रन बनाने के बाद मुबंई की पहली पारी में चार बेशकीमती विकेट चटकाये। दूसरी पारी में जडेजा ने 90 रन बना कर पहले बल्ले से कमाल दिखाया और फिर मुबंई की दूसरी पारी में भी दो विकेट लुढ़का दिये।

## साल के आखिरी दिन गिरावट पर रहा शेयर बाजार



एजेंसी

**मुंबई।** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर बैंकिंग, यूटिलिटीज, एफएमसीजी, पावर और टेक समेत 12 समूहों में हुई बिकवाली से आज साल के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 293.14 अंक यानी 0.48 प्रतिशत लुढ़ककर 60840.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 85.70 अंक अर्थात 0.47 प्रतिशत टूटकर 18105.30 अंक पर आ गया। हालांकि इस दौरान मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,314.50 अंक और स्मॉलकैप 0.76 प्रतिशत उछलकर 28,926.79 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3632 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2195 लिवाली जबकि 1303 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 21 कंपनियां तेजी जबकि शेष 29 में गिरावट का रुख रहा। बीएसई में 12 समूहों में गिरावट रही। इस दौरान एफएमसीजी 0.59, वित्तीय सेवाएं 0.36, हेल्थकेयर 0.36, इंडस्ट्रियल्स 0.05, आईटी 0.17, दूरसंचार 0.22, यूटिलिटीज 0.52, ऑटो 0.18, बैंकिंग 0.55, कैपिटल गुड्स 0.28, पावर 0.46 और टेक समूह के शेयर 0.43 प्रतिशत गिर गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23 और जर्मनी का डैक्स 0.54 प्रतिशत टूट गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.20 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.51 में प्रतिशत की तेजी रही वहीं जापान का निक्केई स्थिर रहा। कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 195 अंक की तेजी लेकर 61,329.16 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 61,392.68 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि कारोबार के अंतिम चरण में हुई बिकवाली से यह 60,743.71 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। संभलने की तमाम कोशिशों के बावजूद यह पिछले दिवस के 61,133.88 अंक के मुकाबले 0.48 प्रतिशत की गिरावट लेकर 60,840.74 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 68 अंक की बढ़त लेकर 18,259.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 18,265.25 अंक के उच्चतम जबकि 18,080.30 अंक के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 18,191 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत उतरकर 18,105.30 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की 19 कंपनियां बिकवाली का शिकार हुई।

# देश-विदेश डायरी

## इंडोनेशिया ने कोविड संबंधी सभी प्रतिबंध हटाने की घोषणा की

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने शुक्रवार को देश में कोविड-19 के कारण शुरू की गई सार्वजनिक गतिविधियों पर लगी सभी पाबंदियों को हटाने की घोषणा की। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से प्रसारित लाइव स्ट्रीम के दौरान श्री विडोडो ने कहा कि कोविड-19 महामारी पिछले कुछ महीनों से नियंत्रण में है और 27 दिसंबर तक प्रतिदिन दस लाख लोगों पर 1.7 मामले दर्ज किए गए है। इसलिए अधिकारियों ने सार्वजनिक गतिविधियों से सभी पाबंदियों को हटाने का निर्णय लिया। इंडोनेशिया ने 13 अप्रैल 2020 को कोविड-19 को एक राष्ट्रीय आपदा घोषित किया और विदेशों से आने वालों के लिए अनिवार्य क्वारंटीन सहित कई सामाजिक प्रतिबंध लगाए। कुल मिलाकर, इंडोनेशिया में 60 लाख 70 हजार से अधिक लोगों का कोरोनावायरस के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया है और 160,583 लोग मारे गए।

## थाइलैंड में आग से मरने वालों की संख्या 25 हुयी

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया में थाइलैंड की सीमा के पास एक होटल में बुधवार रात को लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार यह जानकारी दी। बंतेई मीनचे प्रांतीय सूचना विभाग के निदेशक सेक सोखोम ने मीडिया को बताया, 卐 बचाव दल ने आज सुबह होटल कैसीनो के जले हुए कमरों से छह और शव बरामद किए, जिससे मृतकों की संख्या 25 हो गई है। कंबोडियाई प्रधानमंत्री सैमडेच टेको हुन सेन ने भीषण आग में मारे गए लोगों के के प्रति शुक्रवार को गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि आग में 73 अन्य लोग घायल हो गए। दमकल कर्मियों ने कई घंटे कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। भीषण आग में मारे गए लोगों की अभी भी तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि थाईलैंड की सीमा के पास एक शहर पोइपेट में ग्रैंड डायमंड सिटी होटल में बुधवार आधी रात को भीषण आग गयी थी।

## ब्राजील के राष्ट्रपति ने पेले के सम्मान में तीन दिन के शोक की घोषणा की

**ब्यूनस आयर्स।** ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो ने तीन बार के विश्व फुटबॉल चैंपियन रहे पेले के सम्मान में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। सीएनएन ब्रासिल रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले का गुरुवार देर रात 82 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी बेटी कैली नैसिमेंटो ?????ने सोशल मीडिया पर उनके निधन की जानकारी दी। पेले कैंसर से जूझ रहे थे। उन्हें 29 नवंबर को साओ पाउलो के अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दुनिया में फुटबॉल के बेताज बादशाह या फिर फुटबॉल के जादूगर कोलन कैंसर से पीड़ित थे और उनके शरीर के अधिकतर अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। इससे पहले दिन में श्री बोलसोनारो ने पेले के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ने ट्वीट किया कि फुटबॉल के इस महान खिलाड़ी ने दुनिया में ब्राजील को नयी ऊंचाई पर पहुंचाकर नाम रोशन किया है। बोल्सोनारो ने ट्वीट किया, 卐पेले ने हमेशा फुटबॉल को एक कला और अपने आनंद के तौर पर देखा है। गौरतलब है कि सितंबर 2021 में पेले को कोलन ट्यूमर का पता चला था। इस वर्ष में उन्हें तीन ट्यूमर और मूत्राशय में संक्रमण होने पर इलाज के लिए दो बार अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पेले को 30 नवंबर को दिल से संबंधित परेशानी सहित शरीर में सूजन आने के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। बाद में यह बताया गया कि पेले को कीमोथेरेपी दी गयी जिसका कोई संतोषजनक परिणाम सामने नहीं आया। पेले इससे पहले भी कई बार चेकअप कराने के लिए अस्पताल में भर्ती हुए थे। पिछले दिनों कतर में फीफा वर्ल्ड कप की शुरुआत में ही पेले ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक फोटो पोस्ट की थी। उन्होंने फैंस को सपोर्ट करने के लिए धन्यवाद दिया था।

## पेले के निधन मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील के विख्यात फुटबाल खिलाड़ी पेले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे खेल की दुनिया की अपूरणीय क्षति बताया है। मोदी ने अपने शोक संदेश में कहा कि पेले का निधन से खेल जगत में एक अपूरणीय क्षति हुई है। पेले सुपरस्टार फुटबाल खिलाड़ी थे। उनकी लोकप्रियता देश की सीमाओं से ऊपर थी। उनका उत्कृष्ट खेल और सफलतायें आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेंगी। उनके परिजनों और प्रशंसकों को मेरी संवेदना और उनकी शांति के लिए प्रार्थना। ब्राजील के पूर्व फुटबाल स्टार और तीन बार के विश्व कप चैम्पियन पेले का गुरुवार को साओ पाउलो के एक अस्पताल में निधन हो गया। फुटबाल जगत के बेताज बादशाह पेले 82 के थे और कैंसर से पीड़ित थे।

## निनाद के हरफनमौला प्रदर्शन से बड़ौदा ने यूपी को हराया

**बडोदरा ।** शाश्वत रावत (68) और निनाद रथवा (40 नाबाद) की सूझबूझ भरी पारियों की मदद से बड़ौदा ने रणजी ट्राफी ग्रुप ए मुकाबले में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश को चार विकेट से हरा दिया। मोती बाग स्टेडियम में टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 258 रन बनाये जिसके जवाब में बड़ौदा की पहली पारी 249 रन पर सिमट गयी। पहली पारी में नौ रन लीड लेने के बावजूद उत्तर प्रदेश ने दूसरी पारी में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुये मात्र 177 रन बनाये। जीत के लिये 187 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुये बड़ौदा ने संयम से खेला और आज भोजनावकाश से पहले छह विकेट पर 189 रन बना कर सीधी जीत अर्जित की। इस जीत के साथ बड़ौदा तीन मैचों में 12 अंक अर्जित कर बंगाल और उत्तराखंड के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है वहीं उत्तर प्रदेश इतने ही मैचों में सात अंक के साथ पांचवे स्थान पर है। बड़ौदा की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले निनाद रथवा ने पहली पारी में 102 रन बना कर जहां यूपी को बड़ी लीड लेने से रोका बल्कि मेहमान टीम की दूसरी पारी में पांच विकेट चटका कर उसे सस्ते में सिमटने पर मजबूर कर दिया। निनाद ने दूसरी पारी में भी जीत के द्वार तक टीम के पहुंचने तक एक छोर पर अंगद की तरह पांव जमाये रखा। उनकी 40 रन की उपयोगी पारी में मात्र 49 गेंदो पर दो चौके और दो शानदार छक्के शामिल रहे। इससे पहले शाश्वत रावत और मितेश पटेल (40) ने भी टीम को संकट से उबार कर जीत की तरफ ले जाने में महती योगदान दिया।

## पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.17 प्रतिशत बढ़कर 83.60 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह अमेरिकी क्रूड 0.01 प्रतिशत की बढ़त लेकर 78.37 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पांच महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

## वर्ष 2022 में मनरेगा के तहत कुल 289.24 करोड़ दिहाड़ी रोजगार सृजित

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत वर्ष 2022 में (15 दिसंबर तक) कुल 11.37 करोड़ परिवारों ने रोजगार प्राप्त किए। इस दौरान इस कार्यक्रम के तहत कुल 289.24 करोड़ दिहाड़ी रोजगार सृजित किए गए। मनरेगा प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करके देश के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक अधिनियम है। ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) ने वर्ष 2022 के दौरान अपने कार्यक्षेत्र की प्रमुख पहल और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए यह भी बताया है कि इस कार्यक्रम के तहत जनवरी,22 में 1.99 करोड़ परिवार, फरवरी में 2.01 करोड़ तथा मार्च में 1.99 करोड़ परिवारों को लाभ हुआ था। चालू वित्त वर्ष में पहली अप्रैल से 15 दिसंबर 2022 के दौरान 5.38 करोड़ परिवार लाभान्वित हुए थे। मंत्रालय के अनुसार मनरेगा के तहत कुल सृजित रोजगार में अनुसूचित जाति के लाभार्थियों की भागीदारी 19.75 प्रतितश, अनुसूचित जनजाति की भागीदारी 17.47 प्रतिशत तथा महिला लाभार्थियों की भागीदारी 56.19 प्रतिशत है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

# ऋषभ के साथ ऐसी बुरी घटना होने पर उर्वशी रौतेला भी दु:ख जताती हुई नजर आ रही

क्रिकेट जगत से आज सुबह-सुबह एक बुरी खबर सामने आई हैं। जहां भारतीय टीम के दिग्गज क्रिकेटर कहे जाने वाले ऋषभ पंत एक भयानक सड़क दुर्घटना में बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। दरअसल, उनकी कार डिवाइडर से टकराई और इसके बाद कार में आग लग गई। ऋषभ पंत को अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनके तमाम चाहने वाले उनकी जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं। लेकिन इस बीच एक दुवा ऐसी भी देखी गयी जिसे देख लोग प्यार का मिसाल देना शुरू कर दिए हैं। दरअसल लम्बे समय से क्रिकेटर ऋषभ पंत का नाम बॉलीवुड की हसीना उर्वशी रौतेला के साथ जोड़ा



जा रहा हैं। ऐसे में अब ऋषभ के साथ ऐसी बुरी घटना होने पर उर्वशी रौतेला भी दुःख जताती हुई नजर आ रही हैं। उर्वशी ने ये दुःख सरेआम सोशल मीडिया पर जताई हैं। जहां एक्ट्रेस ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है, प्रार्थना कर रही हूं। उर्वशी रौतेला के इस पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंट करना शुरू कर दिया। वही उर्वशी का ये पोस्ट अब तेजी से वायरल हो रहा हैं। साथ ही फैंस इस पर जमकर कमेंट करते हुए भी नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, ऋषभ भाई को देखने आ जाओ, फोटो बाद में डाल लेना। एक यूजर ने लिखा है, ये होता है सच्चा प्यार। एक यूजर ने लिखा है, ऋषभ पंत का एक्सीडेंट हो गया है। ये मोहतरमा सोलह श्रंगार कर रही हैं। एक यूजर ने लिखा है।

# काजल अग्रवाल ने दिखाई बेटे की पहली झलक, पति संग दिए रोमांटिक पोज

अपनी एक्टिंग के लिए जानी मानी एक्ट्रेस काजल अग्रवाल इन दिनों मीडिया की सुर्खियों में है, साउथ फिल्मों में एक्टिग करन वाली काजल अग्रवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है. वो समय समय पर कई फोटो और वीडियो शेयर करती रहती है ऐसे पहली बार काजल ने अपने बेटे की पहली झलक दिख लाई है।

आपको बता दे, कि एक्ट्रेस ने पहली बार इंस्टाग्राम पर बेटे की फोटो शेयर की है साथ अपने पति गौतम किचलू के साथ भी रोमांटिक फोटो शेयर की है. उनकी इन तस्वीरों को फैंस काफी पसंद करते है. गौतम किचलू और काजल अग्रवाल ने अपने बेटे का फेस अभी तक दुनिया को नहीं दिखाया है. इसी बीच काजल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से कुछ तस्वीरें शेयर की है, इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपने बेटे के साथ नजर आ रही है।

साउथ फेमस एक्ट्रेस काजल अग्रवाल ने अभी हाल ही में



इंस्टाग्राम पर कुछ पोस्ट शेयर की हैं. पहली पोस्ट में वो अपने पति के साथ दिखाई दे रही हैं, तो दूसरी तस्वीर में एक्ट्रेस अपने बेटे के गोद में लिए नजर आ रही है. एक्ट्रेस की ये दोनों पोस्ट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है. काजल अग्रवाल की बेटे की फोटो पर फैंस दिल वाले इमोजी कमेंट बॉक्स में भेज रहे है.तो वहीं दूसरे पोस्ट पर भी फैंस जमकर प्यार लुटा रहे है.साथ ही साथ इन दोनों पोस्ट को फैंस सोशल मीडिय पर खूब शेयर भी कर रहे है।

काजल अग्रवाल और गौतम किचलू ने 19 अप्रैल 2022 को एक बेटे के मम्मी-पापा बने है. जानकारी के लिए बता दें काजल अग्रवाल ने साल 2020 में गौतम किचलू से शादी की थी. जिसके बाद काजल मीडिया की लाइमलाइट में बनी हुई है।

## मास्क टीवी पर शुरु होने जा रहा है किन्नरों का एक टीवी शो

ओटीटी प्लेटफार्म के चलते अब फिल्म कंटेंट को प्रधानता दी जा रही है.इसी बदलाव की वजह से असल जीवन के नौ ट्रासजेंडरो को लेकर ओटीटी प्लेटफार्म ''मास्क टीवी'' पर बीस दिसंबर से एक षो ''प्रोजेक्ट एंजल्स'' स्ट्रीम हो रहा है.यह पहली बार है,जब किसी षो में सिर्फ ट्रासजेंडर/ किन्नर अभिनय कर रहे हों.ट्रांसजेंडर / किन्नरों को लेकर षो बनाने का साहस लेखक व निर्देषक मानसी भट्ट ने दिखाया है,जिनका मानना है कि ट्रासजेडरो को वह मेनस्ट्रीम में लाना चाहती हैं.वह चाहती हैं कि लोग ट्रासजेंडरो की प्रतिभा से परिचित होकर उन्हे स्वीकार करे और उन्हे अपने जैसा माने। ट्रासजेंडर यानी कि इस थर्ड जेंडर को सरकार द्वारा मान्यता दिए जाने के बावजूद यह समुदाय हमारे समाज में आज भी उपेक्षित है. प्रस्तुत है मानसी भट्ट से हुई बातचीत के अंष..अपनी अब तक की यात्रा के बारे में बताएं? मेरे पिता संजय भट्ट जी मार्केटिंग के साथ साथ दूरदर्षन के लिए सीरियलों का निर्माण करते रहे हैं.जबकि मेरी मां अंजू भट्ट बहुत अच्छी लेखक, गीतकार, अभिनेत्री व निर्देषक हैं।

# कड़कड़ाती ठंड में टॉपलेस हुई उर्फी जावेद

## नेकलेस से बदन ढक दिए कातिलाना पोज तो हो गई ट्रोल

**फैशन** आइकॉन उर्फी जावेद ने एक बार फिर लोगों को काम पर लगा दिया है। जो- जो खाली बैठा था अब उसके पास एक नया काम आया है, जो है सोशल मीडिया पर उर्फी को ट्रोल करना। दरअसल, अब एक्ट्रेस ने अपना एक नया वीडियो शेयर किया है और जैसा की सभी जानते हैं जब भी उर्फी कुछ पोस्ट करती हैं तो सनसनी मच ही जाती है। ऐसे में उर्फी का नया लुक देख अब एक बार फिर हंगामा हो गया है। जिस तरह टॉपलेस होकर

उर्फी जावेद की इज्जत की धज्जियां उड़ा रहे हैं और उन्हें गालियां दे रहे हैं। दरअसल, इस कड़कड़ाती ठंड में उर्फी का टॉपलेस वीडियो सोशल मीडिया पर बवाल मचा रहा है। एक्ट्रेस ने अब सोशल मीडिया पर आग लगा ही दी। अपने बदन

पर डायमंड स्टोन से बने एक लंबे नेकलेस को चिपकाकर उन्होंने जो सेक्सी पोज दिए हैं, उनसे कुछ सोशल मीडिया यूजर्स घायल हो गए। इस नेकलेस

के साथ उर्फी ने ब्लैक कलर की शॉर्ट स्कर्ट पहनी हैं, जिसमे साइड कट है। इसके अलावा उनके बाल भी काफी स्टाइलिश लग रहे हैं। उनका ग्लिटरी मेकअप उन्हें और भी खूबसूरत दिखा रहा है।


वहीं, उनका ये वीडियो अब कुछ लोगों को मदहोश कर रहा है, तो कुछ गुस्से में अपने सिर के बाल नोच रहे हैं।



अब उर्फी ने अपना नया वीडियो बनाया उसकी वजह से वो एक बार फिर ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। हर बार की तरह इस बार भी ये वीडियो इतना बोल्ड है कि लोगों को हजम नहीं हो पा रहा। अब ट्रोलर्स सोशल मीडिया पर

# आखिर कौन है राधिका मर्चेंट,जो बनने वाली हैं मुकेश अंबानी की छोटी बहू

**देश** की बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्री के मालिक मुकेश अंबानी के घर में एक बार फिर से जश्न का माहौल है। उनके घर एक बार फिर से खुशियों ने दस्तक दे दी हैं। ये खुशी किसी और चीज की नहीं है बल्कि अम्बानी परिवार में चल रहे रोके के जश्न की हैं। दरअसल अब मुकेश अंबानी के बड़े बेटे के बाद छोटे बेटे अनंत अंबानी की सगाई हो गई है। अनंत ने राधिका मर्चेंट को अपना जीवन साथी चुना है। अनंत और राधिका मर्चेंट का रोका इस वक्त खूब सुर्खियों में बना हुआ हैं। ऐसे में क्या आप जानते है की आखिर कौन है ये राधिका मर्चेंट जो अम्बानी परिवार की बहु बनी हैं। दरअसल ये पहली बार नहीं है जब राधिका को अम्बानी परिवार के साथ देखा गया हैं। बल्कि इससे पहले भी अंबानी परिवार में हुए कई फंक्शन्स में राधिका को शामिल होते हुए देखा गया हैं। लेकिन अब अनंत से रोका होने के बाद सबके मन में ये सवाल जरूर ही आ रहा है की आखिर कौन है राधिका मर्चेंट जिन्हे मुकेश अंबानी ने अपनी छोटी बहु बना ली हैं। तो चली आज के इस रिपोर्ट में आपको बताते है



की कौन है राधिका मर्चेंट। दरअसल अंबानी परिवार की होने वाली बहू कोई आम नहीं बल्कि एक जाने माने और एक बड़े परिवार से ताल्लुक रखती हैं। राधिका मर्चेंट एनकॉर हेल्थकेयर के सीईओ और और अरबपति उद्योगपति विरेन मर्चेंट और शैला मर्चेंट की इकलौती बेटी हैं। राधिका का जन्म 18 दिसंबर, 1994 को हुआ था। राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी दोनों बचपन के दोस्त हैं। नीता अंबानी की होने की वाली बहू राधिका मर्चेंट को उनकी तरह ही डांस का बेहद शौक है। उन्होंने 8 साल तक भरतनाट्यम की ट्रेनिंग ली है। इसके साथ ही राधिका ने मुंबई में श्रीनिभा आर्ट्स से इंडियन क्लासिकल डांस सीखा है। राधिका के डांस गुरु का नाम भावना ठाकर है। डांस के अलावा उन्होंने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से पॉलिटिक्स और इकोनॉमिक में अपनी बैचलर की पढ़ाई पूरी की। राधिका को अक्सर अंबानी परिवार की पार्टीज में देखा गया है। राधिका कई साल से अंबानी परिवार के हर समारोह में नजर आती हैं। 2018 में ईशा और आकाश अंबानी की सगाई के दौरान भी राधिका बेहद सक्रिय थीं। कहा जाता है कि राधिका का नीता अंबानी और ईशा अंबानी से भी काफी अच्छे संबंध है। यहां तक की राधिका के सोशल मीडिया पेज पर भी राधिका की नीता और मुकेश अंबानी के साथ कई तस्वीरें हैं। आपको बता दें कि राधिका अपनी पढ़ाई खत्म करके जब भारत लौटीं तब उन्होंने इंडिया फर्स्ट ऑर्गनाइजेशन और देसाई एंड दीवान जी जैसी फर्म में इंटर्नशिप किया था। इसके बाद उन्होंने मुंबई की रीयल एस्टेट कंपनी इस्प्रवा में जूनियर सेल्स मैनेजर की नौकरी की है। हालांकि अभी राधिका ने अपना फैमिली बिजनेस ज्वाइन कर रखा है। आपकी जानकारी के लिए ये भी बता दें कि अनंत और राधिका का रोका मुंबई में नहीं बल्कि नाथद्वारा, राजस्थान के श्रीनाथजी मंदिर में हुआ है।

# पहली बार बेटे जेह के साथ अपनी फेवरेट डेस्टिनेशन पहुंची करीना कपूर खान



बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। सोशल मीडिया पर अदाकारा अपनी फोटोज और वीडियोज फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। इन दिनों करीना अपनी फैमली के साथ अपनी फेवरेट डेस्टिनेशन में वेकेशन मना रही हैं। जहां से वह लगातार अपनी तस्वीरें फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। बॉलीवुड के रॉयल कपल करीना कपूर और सैफ अली खान इन दिनों नए साल के जश्न में पूरी तरह डूबे हुए हैं। दोनों अपने फेवरेट डेस्टिनेशन स्विट्जरलैंड में नया साल मनाने के लिए फैमिली ट्रिप पर निकले हैं। करीना कपूर खान ने इंस्टाग्राम पर एक फैमली फोटो शेयर की है जिसमें करीना, सैफ, तैमूर और जेह सभी ब्लैक कलर के आउटफिट्स पहने नजर आ रहे हैं। करीना ने तो फोटो शेयर की है उससमें बेबो और सैफ के अगल-बगल उनके बेटे जहांगीर अली खान और तैमूर अली खान बैठे हुए हैं उनके पीछे एक ब्लैक कलर की कार दिखाई दे रही है। फोटो में तैमूर लोलीपोप खाते दिख रहे हैं। एक्ट्रे ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ÷उलटी गिनती शुरू होती है329-12-20223 टिम के मुँह में वह क्या है? स्ट्रॉबेरी लॉलीपॉप कोई?।

# बच्चों की डाइट में जरुर शामिल करें अमरुद, पेट संबंधी सारी समस्याएं रहेगीं दूर

हर पेरेंट्स को बच्चों की डाइट में ऐसी चीजें शामिल करनी चाहिए, जो बच्चों के विकास पर सकारात्मक प्रभाव डालें। अमरूद भी बच्चों के लिए एक हेल्दी डाइट साबित हो सकता है, इसके अंदर कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा होती है जिससे अनेक बीमारियों दूर भागती हैं। यदि बच्चों की डाइट में अमरुद को जोड़ा जाए तो कई फायदे हो सकते हैं। आईए जानते हैं इसके बारे में....

**पेट की जलन मिटाए**

एक्सपर्ट की सलाह पर आप बच्चों को अमरुद का सेवन करा सकते हैं। इसकी तासीर ठंडी होती है जो पेट की गर्मी शांत करती है।

**त्वचा के लिए फायदेमंद**



अमरुद खाने से बच्चों को स्किन से जुड़ी दिक्कतें नहीं होती हैं। इसमें मौजूद बीटा कैरोटीन त्वचा के लिए फायदेमंद होता है। साथ ही इसमें डाइटरी फाइबर भी होते हैं जो मल त्याग की क्रिया को आसान बनाते हैं।

**पाचन सुधारे**

अमरुद में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में होता है जो पाचन शक्ति बढ़ाता है। बच्चों को इसका सेवन जरुर करवाएं।

फाइबर के गुणों से भरपूर अमरुद का सेवन करने से कब्ज की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ता है। इसे खाने से मल त्याग की क्रिया आसान बनती है।

**अमरुद खाते समय बरतें ये सावधानियां**

अमरुद अगर साफ-सुथरा ना हो तो इससे डायरिया का खतरा रहता है। इसलिए धुलकर ही अमरुद बच्चों को खिलाएं और आधे पके हुए अमरुद का सेवन बिल्कुल ना कराएं। साथ ही बच्चों को शाम के वक्त अमरुद न खिलाएं, क्योंकि अमरुद की तासीर ठंडी होती है और बच्चों को सर्दी हो सकती है।

## फिर भड़की अर्चना और प्रियंका की लड़ाई, एक-दूसरे पर किया वार

कलर्स टीवी का रिएलिटी शो बिग बॉस 16 इन दिनों मीडिया की सुर्खियों में बना हुआ है जहां कंटेस्टेंट कभी एक -दूसरे से लड़ते नज़र आ रहे है तो कभी दोस्त बनते दिख रहे है वही नॉमिनेशन की प्रक्रिया के दौरान बीते दिन शालीन और एस सी स्टेन के बीच काफी विवाद हुआ था, जिसके बाद सलमान खान ने सब की क्लास भी लगाई थी. लेकिन ब विवाद अर्चना और प्रिंयका के बीच हुआ है जिसे देखना फैंस के लिए दिलचस्प रहा है। आपको बता दें, कि नॉमिनेशन की प्रक्रिया में अकिंत, टिना, शालीन भनोट और प्रियंका नॉमिनेट हुए थे. वही अंकित बीते हफ्ते घर से बेघर हो गए है, ऐसे में प्रयिंका घर में बिलकुल अकेली हो गई. जिस मौके का फायदा अर्चना उठा रही है क्योकि अर्चना गौतम ही चाहती थी दोनो लव बर्डस अलग हो जाए. एक दूसरे का साथ झूठ जाएं. और हुआ भी ऐसा जिसका ना केवल अर्चना फायदा उठा रही है बल्कि दोनो के बीच जमकर लड़ाई तक हुई है।

# फैमिली डाक्टर का साथ यानी बेहतर इलाज

आज की व्यस्त जिंदगी में हर व्यक्ति चाहता है कि वह और उस का परिवार हमेशा सुखी और स्वस्थ रहे. लेकिन आजकल गलत खानपान व अनियमित दिनचर्या के कारण लोगों में बहुत सी बीमारियां जन्म ले रही हैं और ये बीमारियां कभी भी किसी को भी हो सकती हैं. फैमिली डाक्टर क्यों जरूरी~ इंडिया हैबिटैट सैंटर के कंसल्टैंट फिजिशियन डाक्टर अशोक रामपाल का कहना है कि कोई भी बीमारी दरवाजा खटखटा कर नहीं आती. इसलिए खुद को और अपने परिवार को बीमारियों से दूर रखने व स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए एक फैमिली डाक्टर का होना बहुत जरूरी होता है, जो समय पर सही इलाज कर सके या अच्छे डाक्टर के पास आप को रैफर कर सके. आप का फैमिली डाक्टर आप की और आप की



फैमिली के लोगों की उम्र, समस्याएं वगैरह धीरेधीरे जान जाता है, इसलिए वह सभी का सही इलाज तो करता ही है, कोई गंभीर समस्या जैसे हार्ट की, लंग्स की या हड्डी की होने पर वह हार्ट सर्जन, कार्डियोलौजिस्ट या और्थोपैडिक सर्जन के पास रैफर कर देता है। एक फिटनैस फ्रैंड~ फैमिली डाक्टर को अगर फिटनैस फ्रैंड का नाम दें तो गलत नहीं होगा क्योंकि उसे आप के स्वास्थ्य के और बीमारी के बारे में पूरी जानकारी होती है. उस आप की पर्सनल हिस्ट्री पता होती है, इसलिए कौन सी दवा आप को सूट करेगी और किस से आप को साइडइफैक्ट होगा उसे शुरू से पता होता है. आप की समस्या के अनुसार ही वह आप का और आप के पूरे परिवार का इलाज करता है. इलाज बिना समय गंवाए~ आप अपने फैमिली डाक्टर से कभी भी किसी समय अपना इलाज करा सकते हैं और बिना समय गंवाए आप नी पेन से ले कर हार्ट सर्जरी तक इलाज करवा कर स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं. किसी गंभीर बीमारी के होने पर यह डाक्टर तुरंत प्राथमिक उपचार कर आप को दूसरे डाक्टर के पास रैफर कर सकता है. इस से आप का इलाज समय रहते हो जाता है।